नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 138 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, गुरुवार 21 मार्च 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -6 पर

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने डाइट जशपुर में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस माह



पेज -8 पर

जिन क्षेत्रों में जिनको चुनावी जिम्मेदारी दी गई वहा अपना ....




मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये

कन्या छूट - 100/- रूपए

श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

चैत्र नवरात्र 2024 (09 अप्रैल से 17 अप्रैल 2024 तक)

मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द साव शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, योगेश गोपाल (गोपाल बाबू) 9993318928, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।


## एक नजर

### हाईकोर्ट में खारिज हुई रामलला दर्शन योजना को चुनौती देने वाली याचिका



**रायपुर।** अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रीराम लला दर्शन योजना की शुरुआत की गई। इस योजना के तहत सरकार छत्तीसगढ़ के लोगों को श्रीराम लला के निःशुल्क दर्शन करा रही है।

हाल ही में इस योजना को बंद करने हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। बुधवार को हाईकोर्ट ने उक्त याचिका को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट में सरकार की ओर से पेश की दलील के बाद याचिका खारिज की गई। दरअसल हाईकोर्ट में बिलासपुर के देवरीखुर्द निवासी लखन सुबोध ने यह याचिका दायर की थी। उन्होंने इसे संविधान में दिए गए प्रावधानों के खिलाफ बताया था। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि भारत धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है। रामलला दर्शन योजना संविधान में निहित बातों और शर्तों के विपरीत है। याचिकाकर्ता ने धर्म निरपेक्षता पर तर्क देते हुए योजना को बंद करने के लिए राज्य शासन को आदेशित करने का हाईकोर्ट से आग्रह किया था। सरकार ने कहा योजना धर्मनिरपेक्ष नहीं पूरे प्रदेश के लिए

याचिका दायर होने के बाद हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ सरकार ने जवाब मांगा था। सरकार की ओर से एडिशनल एजी यशवंत सिंह ठाकुर ने दलील पेश की। उन्होंने बताया कि रामलला दर्शन प्रदेश के सभी वर्गों के लिए है यह किसी एक धर्म को मानने वाले के लिए नहीं है। श्रीराम लला के दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ का निवासी चाहे वह किसी भी धर्म का हो जा सकता है।

# कांग्रेस को नहीं मिल रहा प्रत्याशी !

## पूर्व मंत्री अमर ने कहा- प्रमुख नेता चुनाव लड़ने को तैयार नहीं, भिलाई से कैंडिडेट लाना स्थानीय नेताओं का दुर्भाग्य





**बिलासपुर.** पूर्व मंत्री और लोकसभा क्लस्टर प्रभारी अमर अग्रवाल ने कांग्रेस प्रत्याशी को घोषणा को लेकर तंज कसा है. उन्होंने कहा कि बिलासपुर लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस को प्रत्याशी नहीं मिल रहा है. कांग्रेस के सभी स्थानीय प्रमुख नेता चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हैं. भिलाई से यहां प्रत्याशी को चुनाव लड़ने पर विचार किया जा रहा. ये स्थानीय कांग्रेसी नेताओं का दुर्भाग्य है.

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेसी बौखला गए हैं. लोकसभा चुनाव के बाद उन्हें पता चल जाएगा कि प्रदेश की जनता किसके साथ है. 1996 से लगातार भाजपा बिलासपुर लोकसभा चुनाव जीत रही है. जीत का अंतर भी लगातार बढ़ रहा है. इस बार भी सारे रिकॉर्ड तोड़ेंगे.

### कांग्रेस के नहीं खोले 5 पत्ते

बता दें लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने प्रदेश की सभी 11 सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है. जिसमें बिलासपुर से बीजेपी ने पूर्व विधायक तोखन साहू को उम्मीदवार घोषित किया है. वहीं कांग्रेस अब तक 11 में से 6 सीटों पर ही नाम तय कर पाई है. 5 बची हुई सीटों में बिलासपुर लोकसभा सीट भी शामिल है. जहां कैंडिडेट तय होना बाकी है.

### 2014 और 2019 में भी बीजेपी ने मारी थी बाजी

*पिछले दो लोकसभा चुनाव की बात करें तो यहां दोनों बार भाजपा ने अपना परचम लहराया है. जिसमें 2014 के आम चुनाव में बीजेपी के लखनलाल साहू ने जीत दर्ज की थी. इनके सामने कांग्रेस ने वरिष्ठ नेत्री करुणा शुक्ला को उम्मीदवार बनाया था. दोनों प्रत्याशियों में जीत का अंतर 1 लाख 76 हजार 436 वोटों का रहा. वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी से अरुण साव ने बाजी मारी थी. जिसके सामने कांग्रेस के अटल श्रीवास्तव थे. जिसमें बीजेपी ने कांग्रेस को 1 लाख 41 हजार 763 वोटों से हराया था.*

# चुनाव आयोग के अधीन हुआ पुलिस विभाग, अधिसूचना जारी





**रायपुर.** लोकसभा चुनाव-2024 के संचालन के लिए राज्य सरकार के समस्त पुलिस अधिकारी निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति पर माने जाएंगे और आयोग के नियंत्रण में रहेंगे. इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग द्वारा मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर, अटलनगर से मंगलवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा के प्रावधान के अनुसरण में और भारत निर्वाचन आयोग के परिपत्र में दिए गए निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए लोकसभा चुनाव-2024 के संचालन के लिए राज्य सरकार द्वारा पदाभिहीत समस्त पुलिस अधिकारी, ऐसे निर्वाचन की अपेक्षा करने वाली अधिसूचना दिनांक से शुरु होकर और ऐसे निर्वाचन के परिणामों के घोषित किए जाने की तारीख को समाप्त होने वाली अवधि के लिए निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति पर माने जाएंगे. तद्नुसार, ऐसे पुलिस अधिकारी उस अवधि के दौरान निर्वाचन आयोग के नियंत्रण, अधीक्षण और अनुशासन के अधीन होंगे.

# बक्सर में किसान-पुलिस में झड़प, फायरिंग,लाठीचार्ज



**बक्सर।** बक्सर के चौसा थर्मल पावर प्लांट के गेट पर किसान और पुलिस के बीच जमकर झड़प हुई। पुलिस की गाड़ी फूंक दी गई। पथराव और फायरिंग की गई। इसमें कई किसान घायल हुए हैं।

डीएसपी धीरज कुमार, मुफस्सिल थाना प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मियों को भी चोटें आई हैं। डीएम-एसपी कई थानों की पुलिस के साथ मौके पर कैंप कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस बनारपुर गांव में घुसी। घरों की छत पर चढ़कर पुरुष-महिलाओं को लाठियों से पीटा। इसका वीडियो भी सामने आया है। किसान जमीन के मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। इस पर किसानों ने पुलिसकर्मियों पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। इधर, बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल ने कहा कि किसानों में घुसे उपद्रवियों ने कई राउंड फायरिंग की है।

इधर, प्रदर्शनकारी किसानों ने बताया कि पिछले 11 दिनों से अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। इसमें मुख्य मांग उचित मुआवजा शामिल हैं। बुधवार को जिला प्रशासन पुलिस बल के साथ पहुंचे और किसानों को जबरदस्ती गेट से हटाने का प्रयास किया। इससे प्रदर्शन कर रहे किसान आक्रोशित हो गए।

### ग्रामीणों ने पुलिस पर किया पथराव

पुलिस प्रशासन चौसा पावर प्लांट पहुंचे तो गांवों से ग्रामीण भी पहुंच गए। इस दौरान किसानों ने पुलिस को घेरने का प्रयास करने के साथ साथ पथराव भी किया। किसानों का आरोप है कि झड़प के बाद बनारपुर गांव में पहुंची पुलिस ने घर में तोड़फोड़ किया है। घर में जो मिला, उसकी पिटाई की।

# वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा आलाकमान के दबाव में चुनाव लड़ रहे भूपेश बघेल!



**जगदलपुर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें बीजेपी जीतेगी। वहीं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के सीएम, मंत्री तो क्या एक और दो नंबर वाले भी आ जाएंगे तो कांग्रेस को नहीं हरा पाएंगे वाले बयान पर कहा कि भूपेश बघेल आज चारों ओर से घिरे हुए हैं। भूपेश बघेल आला कमान के दबाव में चुनाव लड़ रहे हैं। मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में भ्रष्टाचार का इनोवेशन की है। वहीं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन कोरबा लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडे को कांग्रेस द्वारा बाहरी बताए जाने पर मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि ज्योत्सना महंत क्या कोरबा लोकसभा से हैं? वे भी जांजगीर से हैं ऐसे में तो वे भी बाहरी हैं? ज्योत्सना महंत डीएमएफ के भ्रष्टाचार में शामिल हैं।

# कांग्रेस पर सीएम विष्णुदेव साय का प्रहार बोले...यही वजह है कि लोग कांग्रेस छोड़ रहे हैं...



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पार्टी की स्थिति पर कटाक्ष किया है। साय ने कांग्रेस को डूबता नाव बताया है। मुख्यमंत्री साय आज बस्तर संभाग के दौरे पर हैं। रायपुर हेलीपेड से दंतेवाड़ा रवाना होने से पहले उन्होंने यहां मीडिया से चर्चा की।

बताया कि आज वे दंतेवाड़ा से चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे। इससे पहले वे दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लेंगे।

कांग्रेस में घमासान और प्रत्याशी चयन में देर को लेकर सीएम साय ने कटाक्ष किया। कहा कि कांग्रेस में बिखराव है। वह डूबती नाव की तरह है। कांग्रेस की नाव में छेद हो रहा, पानी भर रहा है। इसलिए लोग कांग्रेस छोड़कर जा रहे हैं। कांग्रेस में इतना बिखराव है कि पूर्व मुख्यमंत्री के के सामने ही कार्यकर्ताओं की नाराजगी देखी जा रही है। कांग्रेस के कार्यकर्ता इतना पीड़ित हैं कि उनके सामने बोलना पड़ रहा कि 5 साल में आपने कार्यकर्ताओं को पूछा नहीं।

# बस्तर में कहीं 8 तो कहीं 10 घंटे चलेगा मतदानः चुनाव आयोग ने जारी की टाइमिंग





**रायपुर।** नक्सल प्रभावित बस्तर संसदीय सीट के मतदान केंद्रों में अलग-अलग समय पर वोटिंग होगी। चुनाव आयोग ने आज पहले चरण की सीटों पर मतदान की टाइमिंग को लेकर अधिसूचना जारी की है। इमसें बस्तर संसदीय सीट में शामिल 8 विधानसभा क्षेत्रों में 2 को छोड़कर बाकी सभी सीटों के मतदान केंद्रों में सुबह 7 से दोपहर बाद 3 बजे तक वोट डाले जाएंगे। इस तरह इन सीटों पर 8 घंटें वोटिंग होगी। वहीं बाकी 2 में से एक सीट पर सुबह 7 से शाम 5 बजे तक वोट डाले जाएंगे। एक अन-?य सीट के कुछ मतदान केंद्रों पर भी वोटिंग शाम 5 बजे तक चलेगी। आयोग की अधिसूचना के अनुसार कोंडागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में सुबह 7 बजे वोटिंग शुरू होगी और दोपहर बाद 3 बजे तक चलेगी। बस्तर विधानसभा के सभी और जगदलपुर के 175 मतदान केंद्रों में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मत डाले जा सकेंगे। जगदलपुर के बाकी 72 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 से 3 बजे तक वोटिंग होगी।

# झारखंड मोबाइल चोर गिरोह का पर्दाफाश, 5 अरेस्ट

## बाजारों में महिलाओं और बुजुर्गों को करते थे टारगेट; डेढ़ लाख के फोन जब्त

रायपुर । रायपुर की गंज थाना पुलिस ने झारखंड के शातिर मोबाइल चोर गैंग को पकड़ा है। ये गैंग बड़े शहरों के बाजारों को टारगेट करते थे। फिर वहां भीड़ में पहुंचकर लोगों का मोबाइल पार कर देते थे।





इस गैंग में एक नाबालिग मेंबर समेत कुल 5 लोग गिरफ्तार हुए है। इनके पास से करीब डेढ़ लाख रुपए कीमत के मोबाइल जब्त किए गए हैं।

रायपुर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम को सूचना मिली कि गंज थाना इलाके के तेलघानी नाका चौक के पास स्थित शराब भट्टी के पास दो संदिग्ध लोग घूम रहे हैं। वे अपने पास रखे मोबाइल को बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहे थे। जिसके बाद गंज थाना पुलिस और एंटी क्राइम यूनिट के सदस्यों को मौके के लिए रवाना किया गया। इस मामले में पुलिस ने हुलिए के आधार पर शिव महतो और जतन कुमार महतो को पकड़ा। उन्होंने खुद को झारखंड का रहने वाला बताया। जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके जेब में मोबाइल मिला। पूछताछ की तो वे गोल-मोल जवाब देकर पुलिस को गुमराह करने लगे। जब उनसे कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होंने सच उगला।

### बड़े बाजारों की भीड़ में घुसते थे

ये शातिर चोर बड़े शहरों के भीड़-भाड़ वाले बाजार में घुस जाते थे। वहां वे महिलाओं के पर्स और उम्रदराज लोगों को निशाना बनाते थे। कुछ देर रेकी करने के बाद मौका मिलते ही वह उनके जेब और पर्स में रखे मोबाइल पार कर देते थे। चोरों ने दुर्ग के बाजारों में भी वारदात की है।

# तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध, अदृश्य दुश्मन पर नजर रखने के लिए हुई हैं कुछ सराहनीय पहल

भारत बड़े स्तर पर साइबर अपराध और साइबर धोखाधड़ी के हमलों का सामना कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में तो साइबर अपराध के मामले बड़े पैमाने पर बढ़े हैं। दरअसल, कोविड-19 का दौर साइबर अपराध के लिए स्वर्ण युग के रूप में आया। लेकिन वर्तमान स्थितियों को देखकर यही लगता है कि यह आगामी कई दशकों तक हमारे साथ रहने वाला है। आज हम नित-नए प्रकार के साइबर अपराध के मामले देख रहे हैं। दुनिया भर के देशों के लिए साइबर अपराध बड़ी चुनौती बन चुके हैं। सच तो यह है कि इंटरनेट ने भूगोल को इतिहास बना दिया है। इंटरनेट ने साइबर अपराधियों को उनके अपराध का पूरा ताना-बाना बुनने में मदद की है। ऐसे में, साइबर अपराधियों की अंतरराष्ट्रीय प्रकृति राष्ट्रीय सरकारों के लिए मुसीबत बन गई है।

जबकि, सरकारें साइबर अपराध को विनियमित करने के लिए राष्ट्रीय कानून अपना रही हैं। दरअसल, साइबर अपराधी जल्द पैसा कमाने के सारे हथकंडे जानते हैं। अपराधियों को पता होता है कि इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को विश्वास में लेकर कैसे आसानी से उन्हें अपना शिकार बनाया जा सकता है और पैसा कमाया जा सकता है। ऑनलाइन धोखाधड़ी आज सबसे बड़े अपराधों में एक हो गई है। आए-दिन हमारे आसपास का कोई न कोई व्यक्ति ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार बनता दिखता है। अनुमान है कि इंटरनेट का उपयोग करने वाला हर तीसरा व्यक्ति ऑनलाइन धोखाधड़ी से पीड़ित है। अन्य क्षेत्रों की तुलना में आज ज्यादा से ज्यादा लोग बिना किसी प्रशिक्षण के इंटरनेट से जुड़ रहे हैं। और, जब व्यक्ति इंटरनेट से जुड़ता है, तो तमाम सूचनाओं और चुनौतियों के गहरे सागर में गोते लगाता है।



> इंटरनेट की ताकत ने भूगोल को इतिहास बना दिया है। यही वजह है कि आज साइबर अपराध दुनिया भर के देशों के लिए चुनौती बन चुके हैं। भारत में चक्षु और डीआईपी जैसी पहलें सराहनीय हैं, लेकिन साइबर अपराधी जिस तरह नित-नए तरीके लेकर आ रहे हैं, लोगों को भी जागरूक होना होगा।

भारत में साइबर धोखाधड़ी और अपराध एक तरह से कुटीर उद्योग का रूप ले चुका है और यह तेजी से बढ़ रहा है। वर्तमान में पहचान की चोरी, फिशिंग और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी भारत में सबसे प्रचलित तीन साइबर अपराध हैं। लेकिन समस्या यह है कि अपने देश में साइबर अपराध के मामलों में सजा का अनुपात एक फीसदी से भी कम है। वर्तमान साइबर कानून बढ़ते हुए साइबर अपराधों से निपटने के लिए पर्याप्त नहीं है। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 में साइबर धोखाधड़ियों से निपटने के लिए कोई प्रत्यक्ष प्रावधान नहीं है। व्यावहारिक रूप से सभी ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी में भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 420 के तहत पुलिस कार्रवाई करती है, लेकिन इसके बावजूद हम साइबर धोखाधड़ी को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी संरचना और दूरसंचार नेटवर्क का दुरुपयोग होता देखते हैं। भारत सरकार साइबर अपराध और धोखाधड़ी को लेकर अत्यधिक चिंतित है। यही कारण है कि सरकार ने कुछ समय पहले 'संचार साथी' पोर्टल लॉन्च किया था। नागरिकों के हित में यह पोर्टल मोबाइल ग्राहकों को सशक्त बनाने, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें जागरूक बनाने के लिए दूरसंचार विभाग की बड़ी पहल है। संचार साथी के आने के बाद अब लोगों को पता चल जाता है कि उनके नाम पर कितने सिम कार्ड पंजीकृत हैं।

इसके अलावा, हाल ही में भारत सरकार ने चक्षु पोर्टल लॉन्च किया है। लोग इस पोर्टल पर साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी, कॉल, एसएमएस, व्हाट्सएप आदि माध्यमों से होने वाली किसी भी धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करा सकते हैं। चक्षु ऑनलाइन धोखाधड़ी से लड़ने के लिए लोगों को शक्तिशाली बनाता है। इससे पहले व्यवस्था थी कि जब कोई साइबर अपराध का शिकार होता था, तो वह उसकी शिकायत कर सकता था। हालांकि नई सरकारी पहलों ने मौजूदा ढांचे के दायरे को बढ़ाया है।

चक्षु का उद्देश्य धोखाधड़ी वाले संदेशों और संचारों को उजागर करना और उनका मिलान करना है। यह अंतिम पंक्ति के उपयोगकर्ताओं को सशक्त बनाता है। चक्षु साइबर अपराध से निपटने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह सरकार को उन सभी संदिग्ध संदेशों और संचारों का भंडार बनाने की अनुमति देगा, जो साइबर अपराधियों द्वारा निर्दोष उपयोगकर्ताओं को लक्षित करने के लिए तेजी से उपयोग किए जा रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि चक्षु पोर्टल न केवल उपयोगकर्ताओं को सशक्त बनाएगा, बल्कि वे कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ अपने अनुभव भी साझा कर सकेंगे। साथ ही लोग साइबर अपराध के नए तरीकों से बचने के लिए संवेदनशील बनेंगे। सरकार लोगों को जागरूक करने के लिए चक्षु पर संदिग्ध संदेशों को प्रकाशित कर सकती है। इस तरह की जागरूकता से साइबर अपराध के विरुद्ध लड़ने की क्षमता का निर्माण होगा। इसके अलावा, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म (डीआईपी) भी लॉन्च किया है, जो दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने के लिए हितधारकों के बीच समन्वय की अनुमति देता है। इसका उद्देश्य साइबर धोखाधड़ी पर विभिन्न सरकारी एजेंसियों के बीच जानकारी साझा करना है, ताकि सरकारी तंत्र साइबर धोखाधड़ी के खिलाफ लड़ने के लिए एकीकृत ढंग से काम कर सके। चक्षु और डीआईपी की शुरुआत साइबर धोखाधड़ी और अपराधों के बढ़ते खतरे से प्रभावी ढंग से लड़ने के लिए सरकार का महत्वपूर्ण कदम है। चक्षु को तैयार करने के लिए सरकार की तारीफ करनी चाहिए। इसके अलावा निरंतर जागरूकता की भी जरूरत होगी, ताकि भारतीय डिजिटल उपयोगकर्ताओं को आगे भी सशक्त बनाया जा सके।

- पवन दुग्गल

## संपादकीय

### कड़वे सच का सामना

अरविंद सुब्रह्मण्यम का ताजा बयान उन आंकड़ों पर एक गंभीर सवाल है, जिनके आधार पर भारत में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और अगले 23 वर्षों में विकसित भारत बना देने का नैरेटिव बुना गया है। मशहूर अर्थशास्त्री और नरेंद्र मोदी सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रह्मण्यम ने भारत के लोगों को अपना दिमाग कबाड़ मुक्त करने की सलाह दी है। उन्होंने आगाह किया है कि भारत एक बड़ा बाजार नहीं है। भारत का घरेलू बाजार इतना बड़ा नहीं है, जिसके बूते भारत का मैनुफैक्चरिंग उद्योग फूल-फल सके। उन्होंने कहा- 'भारत यह सोच कर बहुत बड़ी गलती कर रहा है कि वह अपने घरेलू बाजार के बूते आगे बढ़ सकता है। मेरी समझ में यह घातक निष्कर्ष है।' सुब्रह्मण्यम का तात्पर्य यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को अगर विकसित होना है, तो ऐसा निर्यात के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ा कर ही किया जा सकता है। पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार ने वर्तमान में बताई जा रही आर्थिक वृद्धि दर पर भी संदेह जताया। हाल में केंद्र सरकार ने बताया था कि इस वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाहियों में भारत ने 8 प्रतिशत से भी अधिक ऊंची वृद्धि दर हासिल की। सुब्रह्मण्यम ने इसे पूर्णतः रहस्यमय बताया। कहा- ईमानदारी के साथ मैं यही कहूंगा कि जीडीपी वृद्धि दर की इस संख्या को मैं समझ नहीं पाया। कहा कि यह संख्या मुद्रास्फीति की एक से डेढ़ फीसदी दर के आकलन पर आधारित है, जबकि वास्तविक मुद्रास्फीति दर तीन से पांच फीसदी के बीच रही है।

# सरकार बनाने में महिला मतदाताओं की होगी अहम भूमिका

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में 18 वीं लोकसभा के चुनाव का विगुल बज गया है। मुख्य चुनव आयुक्त राजीव कुमार ने 18 वीं लोकसभा के लिए सात चरणों में मतदान का कार्यक्रम जारी कर दिया हैं वहीं 4 जून को मतगणना की तारीख तय की गई है। सीधी सी बात है कि 4 जून को दोपहर बाद तक 18 वीं लोकसभा की तस्वीर साफ हो जाएगी। खैर यह सब अलग बात है पर विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों में महिलाओं की बढ़ती सक्रिय भागीदारी तारीफे काबिल है। गत दो चुनावों ने देश की महिला वोटरों ने नई सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मजे की बात यह भी है कि 2019 के चुनाव में पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं ने अधिक मुखर होकर मतदान किया है। अब तो यह माना जाने लगा है कि देश के एक दर्जन के करीब राज्यों में महिलाओं के वोट ही नई सरकार के गठन में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। तस्वीर का सकारात्मक पक्ष यह भी है कि मतदान ही नहीं चुनावों में सक्रियता से हिस्सा लेने और चुनावों में उम्मीद्वारी जताने में भी महिलाएं आगे आई हैं। देश के पहले और दूसरे लोकसभा के आमचुनावों में जहां 22 महिला सांसद चुन कर आई थी वहीं गत 2019 के आमचुनाव में 78 महिला सांसद चुन कर आई। हांलाकि आधी आबादी को मुख्य धारा में लाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नए नए सब्जबाग दिखाने के बावजूद टिकट वितरण के समय महिलाओं की हिस्सेदारी कम ही रह जाती है। अनुभव तो यही बताता है कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा आधी तो दूर की बात एक तिहाई सीटों पर भी महिलाओं को टिकट नहीं दिए जाते है। खैर सबसे अच्छी बात यह है कि गॉव हो या शहर महिलाएं अब घर की चार दीवारी में कैद रहने वाली या पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही है। पुरुषों के हां में हां मिलाने वाली स्थिति से बहुत बाहर आ चुकी है आज देश की महिलाएं। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में महिलाएं सक्रियता से हिस्सा लेने लगी हैं। चुनावों में उम्मीद्वारी भी जताती है तो चुनाव केंपेन के दौरान अपनी उपस्थिति भी दर्ज कराती है। दूसरी और मतदान में आगे आकर हिस्सा लेने लगी है। पिछले चुनावों के आंकड़ों से यह सब साफ हो चुका है। इस साल देश में 96 करोड़ 88 लाख मतदाता है तो इनमें से महिला मतदाताओं की संख्या 47 करोड़ 15 लाख के करीब है। एक मोटे अनुमान के अनुसार पुरुषों की तुलना में करीब दो करोड़ महिला मतदाता कम है। कमोबेस यही स्थिति 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान थी। इस सबके बावजूद पुरुष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं के मतदान का आंकड़ा अधिक है।



> सबसे अच्छी बात यह है कि गॉव हो या शहर महिलाएं अब घर की चार दीवारी में कैद रहने वाली या पुरुष के कहे अनुसार मतदान करने वाली नहीं रही है। पुरुषों के हां में हां मिलाने वाली स्थिति से बहुत बाहर आ चुकी है आज देश की महिलाएं।

2019 के चुनावों में पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 67.02 प्रतिशत रहा तो महिलाओं के मतदान का प्रतिशत 67.18 प्रतिशत रहा। पूर्वोत्तर, हिमाचल, गोवा, बिहार सहित बहुत से प्रदेशों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत अधिक रहा। यह तो रही मतदान की बात तो दूसरी और नई सरकार बनाने में भी महिला मतदाताओं की अधिक भूमिका रही है। देखा जाए तो महिलाओं ने जिस दल पर अधिक भरोसा जताया या यों कहे कि जिस दल को अधिक मत दिए उसी दल की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि 2014 में मोदी सरकार बनने और 2019 में रीपिट होने का प्रमुख कारण भी महिलाओं को भाजपा और खासतौर से नरेन्द्र मोदी पर अधिक भरोसा जताने को जाता है। 2004 के चुनावों में 22 प्रतिशत महिलाओं ने भाजपा और 26 प्रतिशत पुरुषों ने कांग्रेस को वोट दिया था वहीं 2019 के चुनाव आते आते इसमें जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। 2019 के चुनावों में महिलाओं द्वारा मोदी में विश्वास व्यक्त करने का आंकड़ा 36 प्रतिशत पहुंच गया। यानी कि 2019 के चुनावों में 36 फीसदी महिलाओं ने भाजपा को वोट दिया। महिलाओं के अधिक मतदान का ही परिणाम रहा कि 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा और नरेन्द्र मोदी को जबरदस्त मेजोरिटी प्राप्त हुई।

## मिला जुला

### एक नजर

#### कूचबिहार में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों में झड़प



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले के दिनहाटा में मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस और बीजेपी समर्थकों के बीच झड़प से इलाके में तनाव फैल गया। उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशिथ प्रमाणिक ने एक-दूसरे के समर्थकों पर हमले का आरोप लगाया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, राजनीतिक संघर्ष में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए हैं। साथ ही दिनहाटा के एसडीपीओ को भी चोट आई है। हालांकि बताया जा रहा है कि दोनों ही मंत्री सुरक्षित हैं।

#### लोकपाल ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ CBI जांच का आदेश दिया, 6 महीने के अंदर मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली. लोकपाल ने संसद से निष्काषित टीएमसी सांसद मुहआ मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई जांच का आदेश दिया है। साथ ही सीबीआई को यह आदेश दिया है कि 6 महीने के अंदर वह जांच रिपोर्ट पेश करे। लोकपाल ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ आईपीसी 203इ के तहत केस दर्ज कर जांच करने और हर महीने की जांच की प्रोग्रेस रिपोर्ट बताने के लिए कहा है। बता दें कि कैश फॉर क्वेरी केस में महुआ मोइत्रा को संसद से निष्कासित कर दिया गया था। नवंबर 2023 में सीबीआई ने लोकपाल के आदेश पर प्राथमिक जांच शुरू करके रिपोर्ट सौंपी थी। इसके बाद लोकपाल ने इस मामले की विस्तृत जांच का आदेश दिया है। वहीं सीबीआई सूत्रों का कहना है कि अभी इस मामले में केस दर्ज नहीं किया गया है। लोकपाल के आदेश को देखने और स्टडी करने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# साजिद के पिता-चाचा को पुलिस ने घर से उठाया, भारी फोर्स की मौजूदगी में हुआ आयुष- अहान का अंतिम संस्कार

**यूपी** के बदायूं में डबल मर्डर से इलाके में तनाव है. गांव को छावनी में तब्दील कर दिया है. पोस्टमार्टम के बाद आज दोपहर दोनों बच्चों (आयुष- अहान) का शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया. भारी पुलिस बल की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार किया गया. इस दौरान परिजनों और गांववालों की आंखों में गुस्सा और गम साफ दिखाई दिया. वहीं, एनकाउंटर में मारे गए हत्यारोपी साजिद का पोस्टमार्टम भी किया गया है. उसके शव को भी आज ही दफनाया जाएगा. जबकि, फरार चल रहे दूसरे आरोपी जावेद की तलाश में पुलिस की टीमें लगी हुई हैं. हत्यारोपी साजिद के पिता ने बेटे को एनकाउंटर को सही ठहराया है. बदायूं के एसएसपी (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक) आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि दोनों बच्चों का पोस्टमार्टम करा दिया गया है. कछला स्थित गंगा घाट पर दोनों का अंतिम संस्कार हुआ. एसएसपी ने आगे बताया कि आरोपी साजिद का पोस्टमार्टम चल रहा है. वहीं, दूसरे आरोपी जावेद की गिरफ्तारी के लिए पांच टीम लगा दी गई हैं. बहुत ही जल्द जावेद को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा.



Md Sajid



##### हिरासत में साजिद के पिता और चाचा

एसएसपी ने कहा कि पुलिस ने हत्यारोपी साजिद और जावेद के पिता और चाचा को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है. हिरासत में लिए जाने से पहले साजिद के पिता ने दोनों बच्चों की हत्या पर अफसोस जताते हुए कहा कि घटना बहुत ही दुखद है. मेरे बेटे ने जो भी किया उसकी उसकी सजा मिल गई. मुझे इसका कोई अफसोस नहीं है. हमें अपने बेटे के मरने का इतना अफसोस नहीं है, जितना उन दो छोटे बच्चों के मरने का है.


##### पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात

एसएसपी ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है. मामले की जांच की जा रही है. परिजनों ने जो मुकदमा दर्ज कराया है उसी के आधार पर कार्यवाही की जा रही है. हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं है. जावेद की गिरफ्तारी के बाद तस्वीर साफ होगी. कानून-व्यवस्था संबंधी कोई दिक्कत नहीं है. पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात है और हर स्थिति पर नजर बनाए हुए है. किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं होने दी जाएगी.

## पीएम मोदी का आह्वान

# भारत में दुनिया की तीसरी बड़ी स्टार्टअप सिस्टम, अब बनाएंगे तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली। नई दिल्ली के भारत मंडपम में 'स्टार्टअप महाकुंभ' को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश अब 2047 के विकसित भारत के रोड मैप पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि बीते कुछ वर्षों में भारत ने आईटी और सॉफ्टवेयर सेक्टर में दुनियाभर में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि भारत ने स्टार्टअप सेक्टर में कई धारणाओं को खतत्म कर दिया है।



प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज,भारत में सभी क्षेत्रों में स्टार्टअप हैं। कृषि से लेकर अंतरिक्ष तक, हम हर जगह भारतीय स्टार्टअप पा सकते हैं। अंतरिक्ष क्षेत्र, जो कभी सरकार की गिरफ्त में था, वहां अब 50 से अधिक स्टार्टअप हैं।' उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं की क्षमता पूरी दुनिया देख रही है। उनकी क्षमताओं पर भरोसा करते हुए हमारी सरकार ने भी उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने का फैसला किया... हमने लोगों की सोच बदल दी है; नौकरी मांगने वाले युवा अब नौकरी देने वाले बन रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को कहा कि 1.25 लाख से अधिक स्टार्टअप और 110 यूनिकॉर्न के साथ भारत दुनिया की तीसरी बड़ी स्टार्टअप पारिस्थितिकी के रूप में उभरा है और सही निर्णयों के साथ एक विकसित राष्ट्र बनने का रोडमैप तैयार कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां %स्टार्टअप महाकुंभ% कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की स्टार्टअप पारिस्थितिकी अब सिर्फ मेट्रो शहरों तक ही सीमित नहीं है, यह अब एक सामाजिक संस्कृति बन चुकी है।

पीएम मोदी ने वादा किया कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप भारत की प्रगति में बड़ी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, 'स्टार्टअप इंडिया पहल ने नवीन विचारों को मंच दिया और उद्यमियों और उद्यमों को वित्त पोषण से जोड़ा है।'

मोदी ने लोगों की बदलती मानसिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के युवाओं ने नौकरी की तलाश करने के बजाय नौकरी देने वाला बनने का रास्ता चुना है। उन्होंने कहा कि 45 प्रतिशत से अधिक भारतीय स्टार्टअप की कमान महिलाओं के पास है।


प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण कर दिया है, लिहाजा इस क्षेत्र में साधन-संपन्न और वंचित का सिद्धांत काम नहीं कर सकता है। मोदी ने कहा कि अंतरिम बजट में अनुसंधान और नवाचार के लिए घोषित एक लाख करोड़ रुपये के कोष से उदीयमान क्षेत्रों को मदद मिलेगी।

# बीजेपी का डर और चिराग को एनडीए में तवज्जो, 'मोदी के हनुमान' के जरिए बिहार में 25 का गेम सेट!

**पटना।** बिहार में पशुपति पारस को किनारे कर भाजपा ने चिराग पासवान को अगर तरजीह दी है तो इसके पीछे भाजपा का अपना मंसूबा और डर है। हालांकि इसे लोजपा नेता चिराग पासवान के लिए भी अपनी छवि दलितों के नेता के रूप में बनाने का यह अचूक अवसर है। बिहार की 6 सुरक्षित सीटों में इस बार तीन सीटें लोजपा को मिली हैं। सुरक्षित सीटें एससी-एसटी जातियों की बहुलता के आधार पर तय की जाती हैं। यानी चिराग ने तीन सुरक्षित सीटों पर कामयाबी पा ली तो वे यूपी में बसपा नेता मायावती की तरह दलितों के नेता के रूप में उबर सकते हैं। राम विलास पासवान से लेकर चिराग पासवान तक दलित नेता तो बने रहे हैं, लेकिन सवर्णों के साथ के कारण वे दलितों के नेता की छवि कभी नहीं बना पाए। यह पहला मौका चिराग को मिला है, जब वे अपने को दलितों के नेता के तौर पर प्रोजेक्ट कर सकते हैं।

##### बिहार की रिजर्व सीटों का गणित समझिए

लोकसभा में कुल 131 सीटें अनुसूचित जाति और जन जाति के लिए आरक्षित हैं। इनमें 84 सीटें अनुसूचित जाति (स्ष्ट) तो अनुसूचित जनजाति के लिए 47 सीटें रिजर्व हैं। बिहार की बात करें तो 6 सीटें एससी-एसटी के लिए रिजर्व हैं। इनमें हाजीपुर, समस्तीपुर, जमुई, गोपालगंज, सासाराम और गया की सीटें शामिल हैं। चिराग पासवान की लोजपा को एनडीए ने जो पांच सीटें दी हैं, उनमें तीन सुरक्षित सीटें हैं। वैशाली और जमुई दो जेनरल श्रेणी की सीटें भी उनको मिली है। वहीं हाजीपुर, जमुई और समस्तीपुर लोजपा की 2019 की सिटिंग सीटें हैं। गोपालगंज और गया की सीट पिछली बार जेडीयू ने जीती थीं, जबकि सासाराम से भाजपा उम्मीदवार ने जीत दर्ज की थी।



##### भाजपा ने क्यों दी चिराग को तवज्जो?

सभी जानते हैं कि बाकी पार्टियां चुनाव के वक्त तैयारी करती हैं, जबकि भाजपा में साल भर चुनावी माथापच्ची जारी रहती है। खासकर 2014 में केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद इस पर शिद्दत से काम होता रहा है। यही वजह है कि चुनाव में बाकी दल सीट और उम्मीदवारों के उलझन में जब तक रहते हैं, भाजपा बूथ स्तर तक अपना चुनावी प्रबंधन पुख्ता कर चुकी होती है।

# पिता की गोद से 40 फुट नीचे गिरा मासूम, मचा हड़कंप

**रायपुर। छत्तीसगढ़ के रायपुर सिटी के सेंटर माल में 19 मार्च की शाम एक परिवार के लिए नियमित सैर एक दु:स्वप्न में तब बदल गई जब पिता की गोद से छिटक कर डेढ़ साल का मासूम बच्चा करीब 40 फीट नीचे जमीन पर गिर गया और उसकी मौत हो गई।**




यह पूरी घटना वहां लगे CCTV कैमरे में कैद हो गई है। जिसे देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो जा रहे हैं।

### तीसरी से चौथी मंजिल पर बच्चे को लेकर जा रहा था परिवार

छत्तीसगढ़ के रायपुर सिटी के एक सेंटर मॉल में 19 मार्च की शाम यह दर्दनाक दुर्घटना हुई। यह हादसा तब हुआ जब मॉल की तीसरी मंजिल से चौथी पर जाने के दौरान परिवार एस्केलेटर में चढ़ा था। उनके साथ 7 साल का दूसरा बच्चा भी था। जिसे संभालने के चक्कर में गोद में लिया बच्चा छिटककर नीचे गिर गया।लहूलुहान बच्चे को तत्कान अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह हादसा देखकर बच्चे की मां वहीं पर बेहोश हो गई। देवेंद्र नगर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद मॉल के व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं।

देवेंद्र नगर थाने की पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम को लगभग 6.30 बजे राजन कुमार अपने डेढ़ साल के बच्चे राजवीर और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मॉल आए थे। तीसरी मंजिल में खरीददारी करने के बाद वह एस्केलेटर से चौथी मंजिल पर जा रहे थे। पिता की गोद में राजवीर था। रायपुर के सिटी सेंटर मॉल के CCTV फुटेज में एक व्यक्ति बच्चे को गोद में ले जाता दिख रहा है। उनके साथ एक अन्य व्यक्ति और 7 साल का बच्चा भी है। वह आदमी 7 साल के बच्चे को एस्केलेटर पर चढ़ने से रोकने के लिए क्षण भर के लिए रुकता है, तभी उसकी गोद से डेढ़ साल का बच्चा छूटकर 40 फीट जमीन पर गिरते हुए दिख रहा है।

# मार्च में मानसून जैसी बारिश, तापमान गिरा 7 डिग्री



**रायपुर।** राजधानी में मंगलवार को मार्च में मानसून जैसी बारिश हुई। सुबह अच्छी बारिश के बाद दोपहर में अंधेरा छा गया और झमाझम पानी गिरा। देर शाम से तो जैसे झड़ी लग गई और रात तक पानी बरसता रहा। लगातार पानी गिरने से 24 घंटे में तापमान सामान्य से लगभग 7 डिग्री तक गिरकर 32 तक पहुंच गया है। अगले 24 घंटों के दौरान राजधानी और आस-पास के इलाकों में भी गरज चमक के साथ पानी गिरने के आसार हैं। मौसम विज्ञानियों के अनुसार 21 मार्च के बाद ही मौसम शुष्क होगा। अभी मार्च का दूसरा पखवाड़ा चल रहा है। आमतौर पर इस महीने में भले ही अंधड़ चलती है लेकिन इतना पानी नहीं बरसता है। मंगलवार को दिनभर में ही करीब 14 मिमी पानी गिर गया। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 10 साल में दूसरी बार मार्च के महीने में इतना पानी बरसा है। इसके पहले 2020 में चौबीस घंटों के दौरान 27 मिमी पानी गिरा था। उसके बाद अब इतना पानी गिरा है। आमतौर पर मार्च में 1 से 6 मिमी पानी ही गिरने का ट्रेंड रहा है। लगातार बारिश की वजह से शाम को हवा में नमी भी 93 फीसदी से अधिक रही। बारिश और नमी हवा के कारण पूरा वातावरण ठंडा हो गया है।

# देर रात पहुंचे नालंदा ,तक्षशिला कलेक्टर, एसपी युवाओं से की बातचीत


## दिए एग्जाम के टिप्स, बोले- खूब पढ़ो- खूब आगे बढ़ो



**रायपुर।** देर रात करीब 12 बजे कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह, एस पी श्री संतोष सिंह और नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा, नालंदा तक्षशिला पहुँच कर वहाँ की व्यवस्था परखी। वहा अध्ययन कर रहे युवाओं से चर्चा भी किया। युवाओं से चर्चा के दौरान युवाओं से पूछने पर बताया कि कुछ युवा राज्य प्रशासनिक सेवा की तैयारी कर रहे हैं तो कुछ बच्चे यू पी एस सी की तैयारी में हैं। युवाओं ने कलेक्टर से पूछा की प्रिलिम्स की तैयारी और मुख्य परीक्षा के लिए किस पैटर्न में तैयारी किया जाये। कलेक्टर ने तैयारी के टिप्स देते हुए कहा कि सफलता हासिल के लिए नियमित अध्ययन आवश्यक है। कड़ी मेहनत के साथ स्मार्ट अध्ययन भी ज़रूरी है। देश प्रदेश के अलावा वैश्विक स्थिति को लेकर समसमायिक जानकारी होना भी बेहद ज़रूरी है। साथ ही टाइम मैनेजमेंट भी आवश्यक है। तक्षशिला में युवाओं ने बताया कि नेट सर्फिंग की गति स्लो है उसको सुधार करने की आवश्यकता है इसपर कलेक्टर डॉ सिंह ने त्वरित सुधार हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। तक्षशिला में वे फूड जोन गए और खाने की व्यवस्था की जानकारी ली, फिर वे खुद वही टेबल पर बैठकर मैगी खाया और चाय भी पी।आधी रात युवाओं को पढ़ाई में मंगन देखकर कलेक्टर भी उत्साहित हुए उन्होंने युवाओं से बात कर कहा - खूब पढ़ो खूब आगे बढ़ो। पुलिस अधीक्षक श्री संतोष सिंह ने युवाओं को कहा कि सफलता पाने मेहनत ,लगन जरूरी है। लक्ष्य तय कर मेहनत करे तो उसे हासिल किया जा सकता है।



# छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा 14 मई से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा 2024 तथा उर्दू अदीब, उर्दू माहिर प्रमाण-पत्र परीक्षा 2024 अब 14 मई 2024 से प्रारंभ होगी।

लोकसभा निर्वाचन की घोषणा के बाद पूर्व में जारी समय-सारिणी में संशोधन किया गया है। छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड के प्रभारी सचिव पी. पी. द्विवेदी ने बताया है कि प्रदेश में तीन चरणों में मतदान की घोषणा की गई है।

मतदान की तिथियों को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा समय-सारिणी में संशोधन किया गया है।

छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाएं 14 मई से प्रारंभ होकर 27 मई तक जारी रहेगी। परीक्षा का समय प्रात: 9ः00 बजे से 12ः00 बजे तक निर्धारित है। राज्य के विभिन्न जिलों में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

हाईस्कूल पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा के अंतर्गत 14 मई को विशिष्ट उर्दू, 16 मई को विज्ञान, 18 मई को सामाजिक विज्ञान, 20 मई को गणित, 22 मई को सामान्य अंग्रेजी/सामान्य संस्कृत, 24 मई को सामान्य हिन्दी के प्रश्न-पत्र होंगे।

हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा के तहत 14 मई को सामान्य हिन्दी/सामान्य अंग्रेजी, 16 मई को भूगोल, रसायन, लेखा शास्त्र, 18 मई को अर्थ शास्त्र, गणित, जीव विज्ञान, 20 मई को राजनीति शास्त्र, 22 मई को विशिष्ट उर्दू, 24 मई को समाज शास्त्र, 27 मई को इतिहास, भौतिकी, व्यवसाय अध्ययन के पर्चे होंगे।

उर्दू अदीब प्रमाण-पत्र परीक्षा के तहत 14 मई को नस्र एवं तारीख़ उर्दू, 16 मई को सामान्य अंग्रेजी, 18 को जनरल साइंस, समाजी उलूम व हिन्दी, 20 मई को नज़्म, इन्शा व क़वायद उर्दू तथा उर्दू माहिर प्रमाण-पत्र परीक्षा के अंतर्गत 14 मई को तारीख़ अदब उर्दू व समाजी उलूम, 16 मई को नस्र उर्दू व क़वायद उर्दू, 18 मई को नज़्म उर्दू व तर्जुमा निगारी, 20 मई को सामान्य अंग्रेजी तथा 22 मई को जनरल साइंस, इंशा व हिन्दी के प्रश्न-पत्र होंगे।

## अपराध

# कलेक्टर, एस पी देर रात पहुंचे निकले सड़को पर ,एसएसटी टीम से ली जानकारी





**होली पर्व के साथ ही चुनाव पर्व के मद्देनज़र ली लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था का लिया जायज़ा**

**रायपुर ।** मंगलवार देर रात रायपुर कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह, एस एस पी श्री संतोष सिंह और नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा, देर रात राजधानी की सड़कों पर निकल स्थिति का जायजा लिया द्य साथ ही बेमौसम हुई बारिश से निर्मित शहर के स्थिति का हाल देखा। वे सरस्वती नगर थाना, कोटा, शकर नगर थाने में तैनात स्थेथिक टीम से बातचीत की, साथ ही उनसे जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक श्री संतोष सिंह ने होली पर्व के साथ ही चुनाव पर्व के मद्देनज़र लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था का जायज़ा लिया। उन्होंने आदर्श आचार सहिता के परिपालन के और त्यौहार के लिए पुलिस अमले को आवश्यक निर्देश दिए।

# मन में कामना, कंधे पर निशान लेकर 5 किमी चले श्याम भक्त

**रायपुर.** खाटूश्याम बाबा के उपासकों ने मंगलवार को मनोकामना निशान यात्रा निकाली। राजा तालाब के रानी सती मंदिर से निकाली गई पदयात्रा 5 किलोमीटर चलकर श्रीखाटूश्याम मंदिर पहुंचीं।

बाबा श्याम को निशान अर्पित कर श्रद्धालुओं ने उनसे अपनी मनोकामनाएं जाहिर कीं। इसी के साथ बाबा श्याम का सबसे प्रिय फाग उत्सव शुरू हो गया। शाम 4 बजे यात्रा जेल रोड, तेलघानी नाका, अग्रसेन चौक होते हुए समता कॉलोनी के श्री-खाटू श्याम मंदिर पहुंची। रास्ते भर विभिन्न समाजों और संगठन के लोगों ने पुष्पवर्षा की। जय श्री श्याम के जयकारों से शहर गूंज उठा। बुधवार को बाबा श्याम के विशेष श्रृंगार दर्शन होंगे। कोलकाता के कारीगरों द्वारा इसकी तैयारी की जाएगी। निशान अर्पण करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहेगा। गुरुवार की सुबह जात धोक पूजन, अखंड ज्योति पाठ, सवामणी का भोग, श्याम रसोई का आयोजन किया जाएगा।

# डॉक्टर के अपॉइंटमेंट के नाम पर लाखों रुपए की ठगी

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के पंडरी थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति के साथ एक लाख 70 हजार रुपये की आनलाइन ठगी की वारदात हुई। डाक्टर के अपाइंटमेंट के पांच रुपए के आनलाइन पेमेंट के नाम पर खातों से राशि काट ली।फ्राड का पता लगने पर पीड़ित ने मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार गंगाधर साहू निवासी मोवा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें बताया कि हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. अंकुर गुप्ता का नाम, पता डालकर गूगल पर सर्च किया। इस दौरान उसे मिले नंबर पर 19 फरवरी को डाक्टर के आनलाइन अपाइंटमेंट के लिए संपर्क किया।




अपाइंटमेंट कंफर्म करने के लिए पांच रुपये आनलाइन ट्रांसफर करने के लिए एक लिंक भेजा। जिस पर पांच रुपये ट्रांसफर कर दिए गए। इसके बाद बैंक आफ इंडिया से 99, 000 रुपये कटने का मैसेज आया। इसके बाद एक हजार रुपये काटे गए। वहीं तीसरी बार में 70 हजार रुपये खाते से कट गए। पुलिस ने नंबर के आधार पर अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राजस्व वसूली में पिछड़ा रायपुर नगर निगम



**रायपुर।** नगर निगम राजस्व वसूली से फिर पीछे हो गया है। वित्तीय वर्ष को समाप्त होने में 11 दिन ही शेष है और राजस्व वसूली महज 174 करोड़ रुपये ही पहुंचा है। ऐसे में अब निगम को टारगेट पूरा करने के लिए अब हर दिन लगभग 7 करोड़ रुपये की वसूली करनी होगी। इस बीच दो रविवार के साथ दो दिन होली की छुट्टी भी रहेगी। इससे निगम अफसरों और कर्मियों की चिंता बढ़ गई है।

इस वर्ष निगम ने 250 करोड़ रुपये राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा है, लेकिन अभी तक मात्र 174 करोड़ रुपये की वसूली हुई है। जबकि पिछले वर्ष दो सौ 23 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली हुई थी। अभी पिछले साल की तुलना में निगम 49 करोड़ रुपये पीछे चल रहा है। वहीं, अपने लक्ष्य को पाने के लिए निगम को 76 करोड़ की वसूली करनी बची है। निगम अधिकारी दलील दे रहे हैं कि समय से लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा। वित्तीय वर्ष 31 मार्च को समाप्त हो रहा है। इन 11 दिनों में होली की छुट्टी भी रहेगी। इससे टारगेट पूरा कर पाना मुश्किल है।

निगम द्वारा सभी जोन के माध्यम से राजस्व वसूली की कार्रवाई की जा रही है। इसमें निगम सेंट्रल टीम सहित जोन के राजस्व अधिकारी बकायादारों के खिलाफ कुर्की और सीलबंदी की कार्रवाई लगातार कर रहे, लेकिन निगम का खजाना इसके बाद भी अपने लक्ष्य को प्राप्त करता दिखाई नहीं दे रहा है। इसके लिए निगम आयुक्त के आदेश पर जोन कमिश्नर भी जुटे हुए हैं। ऐसे बकायादार जिनके द्वारा राजस्व भुगतान करने के लिए जान पहचान या पहुंच का उपयोग किया जाता है, उनके खिलाफ सक्षम अधिकारियों द्वारा सीधे तौर से कार्रवाई की जा रही है।

## बड़े बकाएदारों को कर रहे टारगेट

*निगम की राजस्व टीम के निशाने पर शहर के बड़े बकायदार हैं। निगम की टीम शहर के बड़े बकायादारों की जोन के अनुसार लिस्ट तैयार करके राजस्व वसूली कर रही है। इसके बाद भी राजस्व का भुगतान बकायादारों द्वारा नहीं किया जा रहा है। राजस्व अधिकारियों का कहना है कि कुछ ऐसे बकायादार हैं, जिनसे वसूली के लिए अधिकारियों को कई बार चक्कर लगाना पड़ता है। बार-बार चक्कर लगाने के बाद भी भुगतान नहीं करते हैं, तब इनके खिलाफ कार्रवाई की जाती है। अधिकारियों का कहना है कि राजस्व हर किसी को पटाना ही है, लेकिन समय पर नहीं पटाने पर उन्हें 17 प्रतिशत ब्याज के साथ टैक्स वसूला जाता है।*

# एम्स में पूर्व सैनिकों को मिलेंगीकैशलेस और कैपलेस चिकित्सा सुविधाएं

*रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के मध्य मैमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट किया गया है, जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ के नौ हजार से अधिक सैनिकों और उनके 21 हजार से अधिक परिजनों को केशलैस और केपलैस स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी।*




अब भूतपूर्व सैनिकों को एम्स में बिना किसी खर्च के इमरजेंसी सेवाओं सहित सभी प्रकार की चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

मंगलवार को एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लेफ्टि जनरल पदम सिंह शेखावत, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मध्य भारत क्षेत्र ने एम्स रायपुर को ईसीएचएस में शामिल किए जाने पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि, इसके माध्यम से 30 हजार से अधिक सैनिकों और उनके परिजनों को छत्तीसगढ़ में अब अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि एम्स राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। अब इसका चिकित्सक समुदाय अपनी सेवा भावना से पूर्व सैनिकों को भी चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर सकेंगे। कार्यपालक निदेशक लेफ्टि जनरल अशोक जिंदल (रिटा) ने कहा कि, एम्स में सभी पूर्व सैनिकों को सेवा भावना के साथ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने ईसीएचएस और सेना अधिकारियों को एमओए के लिए त्वरित कार्यवाही के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि अब पूर्व सैनिकों को इमरजेंसी सहित सभी प्रकार की केशलैस चिकित्सा सुविधाएं एम्स में ही मिल सकेंगी।

ईसीएचएस के उप-प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर जितेंद्र सिंह ने कहा कि, ईसीएचएस अप्रैल 2003 में प्रारंभ की गई थी। उस समय इसके लाभार्थियों की संख्या 3.5 लाख थी जो अब बढ़कर 60 लाख हो गई है। वर्तमान में पूर्व सैनिकों को इस योजना के माध्यम से 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक का उपचार प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद पूर्व सैनिकों को चिकित्सा सेवाओं की काफी आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में एम्स का ईसीएचएच के साथ जुड़ने पर पूर्व सैनिकों को काफी लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में ब्रिगेडियर अमन आनंद, कमांडर, छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया और चिकित्सा अधीक्षक प्रो. रेनू राजगुरु सहित 350 से अधिक सैनिक, पूर्व सैनिक, एम्स के अधिकारी और छात्र उपस्थित थे।

# राजधानी के एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार कार पलटी, हादसे के बाद कार हुई लॉक

## शीशा तोड़कर बाहर निकले लोग



**रायपुर।** रायपुर। रफ्तार का कहर थम नहीं रहा है. राजधानी रायपुर के एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार कार पलट गई. हादसे में कार सवार लोग घायल हो गए हैं. जिनका अस्पताल में इलाज जारी है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई. यह मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के अनुसार, तेलीबांधा थाना अंतर्गत एक्सप्रेस-वे पर आज सुबह अनियंत्रित कार पलट गई. गाड़ी पलटने से कार सवार लोग अंदर ही फंस गए थे. बताया जा रहा है कार पलटने के बाद लॉक हो गई थी. जिसके बाद चालक और कार सवार लोग शीशा तोड़कर बाहर निकले. हादसे का शिकार हुई कार का नंबर सीजी 10 NB 3388 है. हादसे के बाद कार लाक हो गई.



# जनशिकायत और जनचौपाल के आवेदनों का त्वरित निराकरण करें-कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।




कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने समय सीमा की बैठक में आनलाइन पोर्टलों में लंबित आवेदनों के निराकरण की स्थिति की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने जनशिकायत एवं जनचौपाल में आए प्रत्येक आवेदन की जाँच कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को कहा कि चिन्हित प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करें। साथ ही लंबित आवेदनों का स्थाई निराकरण सुनिश्चित करें ताकि बार बार उन्हें आवेदन ना करना पड़े। इसके पश्चात कलेक्टर ने जिले के सभी विभागों के लिए आनलाइन आईडी हेतु ई-डिस्ट्रिक मैनेजर को निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले में नशीले पदार्थों की बिक्री संबंधी समस्याओं पर आबाकारी विभाग के अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पशुधन विकास विभाग के अधिकारी को कृत्रिम गर्भाधान विभाग के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने को कहा। इसके पश्चात् कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्य राजमार्ग के सड़कों की वर्तमान स्थिति, मरम्मत एवं प्रस्तावित कार्यों के विवरण की जानकारी ली एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आधार कार्ड ई-केवाईसी, ग्रीष्मकालीन कृषि की जानकारी, व्यवस्थापन एवं आबंटन, खाद एवं बीज भण्डारण, मिट्टी नमूना संग्रहण, शौचालय निर्माण, निराश्रित पेंशन, सारबिला अकादमी, दिव्यांग पेंशन, मध्याहन भोजन, अनाज भंडारण, मनरेगाए भू-अर्जन सहित अन्य विषयों पर जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलाभ कुमार साहू, एसडीएम वासु जैन, डॉ. स्निग्धा तिवारी, नोडल अधिकारी स्वीप हरिशंकर चौहान, डिप्टी कलेक्टर द्वय अनिकेत साहू, वर्षा बंसल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आशीष बैनर्जी, जिला शिक्षा अधिकारी एल पी पटेल, खनि अधिकारी एचडी भारद्वाज, कार्यपालन यंत्री विद्युत नरेन्द्र नायक, लीड बैंक प्रभारी अधिकारी सुरेश दामके, सीएमएचओ डॉ. अवधेश पाणिग्राही, महिला एवं बाल विकास अधिकारी बृजेन्द्र ठाकुर, समाज कल्याण अधिकारी विनय तिवारी, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, मार्कफेड अधिकारी मनोज यादव, एसडीओ आरईएस शैलेन्द्र वर्मा, एसडीओ पीडब्ल्यूडी विग्नेश कुमार, सीएमओ मधुलिका चंदेल, सीईओ संजू पटेल, प्रज्ञा यादव, खेल प्रभारी कौशल ठेठवार, ईडीएम रोहित सिंह ठाकुर, निर्वाचन वाहन शाखा के वीरेन्द्र जोल्हे, मंडी के दिलीप बर्मन आदि उपस्थित थे।

## एसडीएम बगीचा ने आलोवृष्टि प्रभावित गांव में पहुंचकर किया मौके का निरीक्षण

ओलावृष्टि में हुए किसानों के फसलों का आरबीसी 6-4 के तहत् प्रकरण तैयार करने के लिए कहा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





बगीचा एसडीएम ओंकार यादव ने बगीचा अनुभाग क्षेत्र के ओलावृष्टि प्रभावित गांव में पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान बगीचा तहसीलदार, नायब तहसीलदार,पटवारी, कृषि विभाग के अधिकारी, पंचायत सचिव सहित ग्रामवासी उपस्थित थे। एसडीएम ने प्रभावित गांव में पहुंचकर टमाटर, खीरा, गेहूं सहित किसानों द्वारा लगाए गए अन्य फसलों को आकलन किया गया और ओलावृष्टि में हुए किसानों के फसलों की हानि का आरबीसी 6.4 के तहत् प्रकरण तैयार करने के लिए कहा गया।



## एसडीएम जशपुर ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जशपुर एसडीएम प्रशांत कुशवाहा ने आज जिला अस्पताल जशपुर का औचक निरीक्षण किया और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति की जानकारी ली। इस दौरान डॉक्टर तथा नर्स उपस्थित पाए गए और तीन गार्ड अनुपस्थित पाए गए जिस पर एडीएम कुशवाहा ने नाराजगी जाहिर करते हुए ड्यूटी अनुसार नियमित अस्पताल गार्ड को ड्यूटी करने के सख्त निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने अस्पताल के सभी वार्डो का अवलोकन किया और साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। साथ ही भण्डार कक्ष में दवाईयों का उचित रख-रखाव करने के लिए कहा।




## दुर्ग की सरोज पाण्डेय के व्यवहार से सब वाकिफ

**कोरबा** । कटघोरा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम घनाकछार में विधानसभा स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं का महासम्मेलन में जुटे क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत के पक्ष पूरी तरह चुनावी तैयारी में जुट जाना है। कार्यक्रम के आयोजक व क्षेत्र के पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी को एक भी कार्यकर्ता या नेता संसदीय क्षेत्र का नहीं मिला। यही वजह है कि दुर्ग की सरोज पाण्डेय को वहां की जनता ने चुनाव में उनके अपने व्यवहार व आचरण के कारण हरा चुकी है। राजनीति में बने रहने के लिए पिछले दरवाजे से नेतागिरी करती रही हैं। कभी भी दुर्ग की जनता ने सरोज पाण्डेय को नहीं स्वीकारा है। सांसद ज्योत्सना महंत ने घनाकछार में आयोजित बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं व पदाधिकारिया से खुलकर अपनी बात रखी और कहा कि वर्तमान चुनाव देश में युवाओं को रोजगार और महंगाई के साथ-साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ इसमें सभी का समर्थन और सहयोग चाहती है। इसके अलावा सांसद ज्योत्सना महंत ने बांकीमोंगरा में कांग्रेस नेता प्रदीप अग्रवाल की माता के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कलेक्टर एवं एसपी ने मध्य रात्रि किया सीमावर्ती चेक पोस्टों का आकस्मिक निरीक्षण

कलेक्टर ने चेक पोस्टों पर कड़ी निगरानी रखने दिये निर्देश

**कोण्डागांव।** मंगलवार की मध्य रात्रि कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार द्वारा ओडिसा के सीमा पर स्थित स्थैतिक निगरानी दलों के चेक पोस्टों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम वे एरला स्थित स्थैतिक निगरानी चेक पोस्ट पहुंचे। जहां उन्होंने दल को अच्छे कार्य हेतु प्रोत्साहित करते हुए जांच के दौरान यात्रियों से संवेदनशीलता पूर्वक व्यवहार करते हुए सभी गाड़ियों की गहन जांच करने हेतु निर्देशित किया। हीरापुर स्थित स्थैतिक निगरानी चेक पोस्ट पहुंच कलेक्टर ने यहां उपयुक्त लाईटिंग की व्यवस्था करने के साथ शिफ्टवार ड्यूटी पर उपस्थित होने हेतु कर्मचारियों को निर्देशित किया। माकड़ी में बनाये गये स्थैतिक निगरानी चेक पोस्ट पहुंच उन्होंने सीमा पार से आने वालों के साथ जाने वाले वाहनों की भी गहन जांच करने तथा प्रत्येक जांच की वीडियोग्राफी कराने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान मार्ग पर उड़नदस्ता दल (एफएसटी दल) से मुलाकात कर कलेक्टर द्वारा उन्हें तत्परता से कार्य करने एवं प्रत्येक शिकायत पर तुरंत स्थल पर पहुंच कर जांच के साथ प्रत्येक कार्यवाही की वीडियोग्राफी अवश्य सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को दूसरी शिफ्ट के अधिकारियों के आने तक चेक पोस्ट को न छोड़ने हेतु निर्देश दिये।





## एक नजर

### लोकसभा निर्वाचन के प्रथम चरण के लिए अधिसूचना जारी

बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए अभ्यर्थी कर सकेंगे नामांकन दाखिल

**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण के लिए 20 मार्च को अधिसूचना जारी कर दी गई। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान होगा। प्रथम चरण अंतर्गत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए समस्त आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है । बस्तर लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन के लिए 4 सहायक मतदान केंद्र सहित कुल 1961 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफ़िसर श्री विजय दयाराम के. द्वारा अधिसूचना जारी करने के साथ ही प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। प्रथम चरण के लिए प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र शासकीय अवकाश दिवस को छोड़कर कार्यालयीन दिवस में प्रात: 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक दाखिल कर सकते हैं। प्रथम चरण लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च 2024 है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 28 मार्च 2024 को होगी। नाम वापसी की तिथि 30 मार्च 2024 है।

लोकसभा निर्वाचन 2024

### डाक मतपत्र से मतदान हेतु 25 मार्च तक कर सकते हैं आवेदन

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में 85 वर्ष से अधिक के मतदाता व ऐसे मतदाता जो मतदाता सूची में दिव्यांग के रूप में दर्ज हैं एवं उनके पास दिव्यांग प्रमाण पत्र है जिसमें दिव्यांगता का प्रतिशत 40 से अधिक है उन्हें होम वोटिंग की सुविधा की पात्रता होगी। इस हेतु इच्छुक मतदाता फार्म 12 डी भरकर आवेदन बूथ लेबल ऑफिसर के माध्यम से जमा कर सकते हैं। इसी प्रकार बस्तर जिले के अंतर्गत कार्यरत अत्यावश्यक सेवा आकाशवाणी, रेल्वे, विद्युत, दूरसंचार (बीएसएनएल) दूरदर्शन, स्वास्थ्य विभाग, डेयरी विकास निगम (दुग्ध), पोस्ट आफिस एवं भारतीय खाद्य निगम में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडियाकर्मी जो कि मतदान दिवस के दिन अपने कर्तव्य पर उपस्थित रहेंगे और वोटिंग से वंचित हो सकते हैं उनके द्वारा 12 डी में आवेदन भरकर जिला डाक मतपत्र शाखा में मतदाता परिचय पत्र की छायाप्रति व मतदान दिवस के दिन कार्य में होने के प्रमाण सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 25 मार्च 2024 तक निर्धारित है।

### होली पर्व के अवसर पर 25 मार्च को शुष्क दिवस घोषित

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 एवं उसके अधीन बनाये गये नियमों छत्तीसगढ़ आबकारी देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर विक्रय अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम के तहत होली पर्व के अवसर पर 25 मार्च 2024 को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त दिवस पर जिले की समस्त देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों सहित एफएल-7 सैनिक केन्टीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णत: बंद रहेंगी। इस अवधि में अवैध शराब विक्रय, धारण, परिवहन आदि पर समुचित नियंत्रण रखे जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये हैं।

### बेमौसम बारिश ने बढ़ाई कृषकों की चिंता

**रायपुर** । छत्तीसगढ़ में बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है. फसलों को भारी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है. सीएम विष्णु देव साय ने एक्स पर कहा कि बेमौसम बारिश और ओले गिरने से फसलों को हानि हुई है, पर इससे किसान भाइयों को मायूस होने की जरूरत नहीं है. नुकसान का आकलन किया जा रहा है. हमारी सरकार किसानों के हितों के लिए सदैव प्रतिबद्ध है

### राजधानी की महिला थाना टीआई के साथ उनके ही थाना परिसर में हो गई मारपीट,काउंसिलिंग में आई महिला ने की बदसलूकी

**रायपुर।** राजधानी की महिला थाना टीआई वेदवती दरियों के साथ रविवार दोपहर 2 बजे उनके ही थाना परिसर में मारपीट हो गई। काउंसिलिंग में आई महिला का अपने पति से विवाद हो गया। महिला, उसकी मां और भाई ने पति को पीटना शुरू कर दिया। महिला थाना के स्टाफऔर टीआई ने बीच बचाव किया तो वे उनके साथ भी बदसलूकी करने लगे।इस दौरान महिला ने टीआई वेदवती के साथ ही मारपीट शुरू कर दी। उनके ऊपर हाथ उठा दिए।

कोतवाली थाने में महिला टीआई की रिपोर्ट पर मारपीट व सरकारी कार्य में बांधा पहुंचाने का केस दर्ज किया गया है। महिला के साथ उसकी मां और भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अफसरों ने बताया कि चौरसिया कॉलोनी निवासी स्य्यद आसिफअली की कुछ साल पहले रायपुरा निवासी यास्मीन फातिमा से शादी हुई।शादी के बाद से दोनों के बीच विवाद होने लगा। दोनों का झगड़ा महिला थाना पहुंच गया। पिछले कुछ समय से दोनों के विवाद को लेकर काउंसिलिंग चल रही है। रविवार दोपहर 1 बजे दोनों पक्ष काउंसिलिंग में आए थे। यहां पति आसिफको देखकर पत्नी यास्मीन ने गाली गलौज शुरू कर दी।दोनों के बीच महिला थाना परिसर में विवाद हो गया। यास्मीन के भाई ने आसिफके साथ मारपीट शुरू कर दी।

## कलेक्टर एवं एसपी ने अतिसंवेदनशील क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, शौंचालय सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने दिए निर्देश**



**कोण्डागांव।** बुधवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार द्वारा जिले के सीमावर्ती अतिसंवेदनशील क्षेत्रों मतदान केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान होने कुधुर, मटवाल, पुंगारपाल, हथकली, हासेल, मर्दापाल, रानापाल, लखापुरी, नहकानार, चेमा, आदनार, बयानार के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने मतदान केंद्रों में सभी आधारभूत व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित करते हुए बिजली, पेयजल, बिजली, पंखा तथा शौचालय की व्यवस्था के साथ केंद्रों में दिव्यांगों के लिए रैंप एवं मतदाताओं के लिए शेड की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने ग्रामीणों को सूचित करने हेतु मतदान केंद्र के बाहर मतदान तिथि, मतदाता संख्या को उत्कीर्ण करने के साथ मतदाताओं की सूची भी मतदान केंद्रों में चस्पा कर लोगों को इसके संबंध में जानकारी देने हेतु निर्देश दिए। मर्दापाल एवं पुंगारपाल के मतदान केन्द्रों में जर्जर छत का तुरंत मरम्मत कराते हुए मतदान से पूर्व केन्द्र में समस्त व्यवस्थाएं करने हेतु निर्देश दिये।

कलेक्टर ने मार्गों में स्थैतिक निगरानी दल के बयानार एवं भाटपाल स्थित चेकपोस्ट का भी आकस्मिक निरीक्षण करते हुए उन्होंने सीमा पर निगरानी करते हुए प्रत्येक आने जाने वाले वाहनों की भली भांति जांक करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक जांच में वीडियोग्राफी दल को सम्मिलित करते हुए हर वाहन की जांच की वीडियोग्राफी कराने तथा जांच के दौरान शालीनता पूर्वक व्यवहार करने तथा किसी भी प्रकार की निर्वाचन को प्रभावित करने वाली समाग्री प्राप्त होने पर तुरंत उसकी सूचना प्रदान करने हेतु निर्देशित किया।




वीरांगना अवंती बाई लोधी पुण्यतिथि मनाई

## वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी ने देश की आजादी के लिए अपनी बलिदान न्योछावर कर दी




**कोंडागांव।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी देश के स्वाभिमान के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करने वाली आदम्य साहस की प्रतिमूर्ति वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की पुण्यतिथि 20 मार्च 2024 को भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव से सम्बद्ध शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी में कब मास्टर पवन कुमार साहू के नेतृत्व में मनाया गया। इस अवसर पर कब मास्टर पवन कुमार साहू ने जानकारी देते हुए कहा कि रानी अवंती बाई लोधी का जन्म 16 अगस्त 1831 को जागीरदार राव जुझार सिंह के घर मध्य प्रदेश सिवनी जिले के मनकेहडी ग्राम में हुआ था।

अवंती बाई की शिक्षा घर पर ही हुआ। बचपन में ही रानी अवंतीबाई घुड़सवारी, तलवारबाजी में दक्षता हासिल कर ली थी ।तथा कम उम्र में ही रामगढ़ के राजा विक्रमादित्य के साथ उनका विवाह कर दिया गया। जो की बहुत ही धार्मिक प्रवृत्ति के होने के साथ-साथ बहुत ही योग्य एवं कुशल शासक थे। 1850 में राजा लक्ष्मण सिंह के निधन के बाद रामगढ़ के रियासत विक्रमादित्य ने संभाली ।लेकिन ज्यादातर आध्यात्मिक में व्यस्तता के कारण सारे महत्वपूर्ण निर्णय रानी अवंती बाई लेती थी। जब यह बात अंग्रेजों को पता चला तो रियायत को हड़कने की कुटील नीति चलाया। और रियासत पर आक्रमण कर दिया ।रानी अवंती बाई ने अंग्रेजों से डटकर मुकाबला किया। परंतु 20 मार्च 1858 को चारों ओर अंग्रेजों से घीर जाने के कारण रानी अवंती बाई ने अंग्रेजों के हाथ न लगने के बजाय स्वयं अपने तलवार से अपने गर्दन काट कर देश के लिए शहीद हो गई। इसलिए हम प्रतिवर्ष 20 मार्च को वीरांगना अवंती बाई लोधी की पुण्यतिथि मनाते हैं। ज्ञात हो कि रानी अवंती बाई ने अपनी मातृ भूमि पर ही देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया ।

## बॉक्स ऑफिस पर अदा शर्मा की बस्तर की कमाई में मामूली बढ़त



फिल्म द केरल स्टोरी की अपार सफलता के बाद दर्शकों के नजरें अदा शर्मा की अगली फिल्म बस्तरः द नक्सल स्टोरी पर टिकी हुई थीं, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।टिकट खिड़की पर बस्तर दर्शकों के लिए तरसती नजर आ रही है। फिल्म की कमाई शुरुआत से लाखों में सिमटी हुई है।अब बस्तर की कमाई के तीसरे दिन का आंकड़े सामने आ चुके हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, बस्तर ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी रविवार को 90 लाख रुपये का कारोबार है।फिल्म ने महज 40 लाख रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी।



## याशिका आनंद ने सोशल मीडिया पर शेयर कीं दिलकश तस्वीरें

### एक्ट्रेस की हॉटनेस देख फैंस हुए दीवाने

**अभिनेत्री याशिका आनंद सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर कर फैंस को दीवाना बना लेती हैं. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें देखकर उनके फैंस मदहोश हो गए हैं.**

इन तस्वीरों में याशिका आनंद लाइट मेकअप, रेड लिपस्टिक और खुले बालों के साथ बेहद खूबसूरत लग रही हैं. वह तस्वीरों में अलग-अलग पोज दे रही हैं और उनका ये अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है. तस्वीरों को शेयर करते ही याशिका के फैंस ने कमेंट्स की झड़ी लगा दी है. कोई उन्हें उनकी खूबसूरती की तारीफ कर रहा है, तो कोई हार्ट और फायर इमोजी भेजकर अपना प्यार जता रहा है.

याशिका आनंद एक भारतीय एक्ट्रेस और मॉडल हैं जो मुख्य रूप से तमिल फिल्मों और टेलीविजन शो में काम करती हैं. उनके अभिनय के तो ज्यादा चर्चे नहीं लेकिन अपनी बोल्ड पिक्चर्स से जरूर वे आए दिन ही लोगों का अटेंशन लेती हैं.

अभिनेत्री ने गौतम कार्तिक की एडल्ट कॉमेडी फिल्म इरुत्तु चिम्बा मुराट्टू कुथु में दिखीं जो युवा दर्शकों के बीच खूब लोकप्रिय हुई.

एडल्ट कॉमेडी फिल्म को करने के बाद यशिका की लोकप्रियता में भी काफी इजाफा हुआ.

## मैं केट मॉस की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं:डायना पेंटी

**बॉलीवुड अभिनेत्री डायना पेंटी ने इस बारे में बात की है कि कैसे वह हॉलीवुड स्टार केट मॉस और उनके ठाठ-बाट वाले फैशन की प्रशंसक हैं। एक मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू करने वाली डायना ने डिजाइनर जोड़ी चारू और वसुंधरा के लिए लैक्मे फैशन वीक एक्स एफडीसीआई में शोस्टॉपर के रूप में रैंप वॉक किया।**


उस फैशन आइकन के बारे में बात करते हुए, जिसे वह पसंद करती हैं, डायना ने कहा, मैं केट मॉस की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। मुझे लगता है कि वह बेहद आकर्षक और सहज हैं और उनमें यह बोहो वाइब चल रहा है।

वह बहुत हॉट हैं। मुझे नहीं पता कि मैं स्क्रीन पर उनका किरदार निभा पाऊंगा या नहीं, लेकिन मैं उनका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं।


इसके बाद डायना ने अपनी फैशन संवेदनशीलता के बारे में बात की और इसे न्यूनतम, सहज, आसान आरामदायक और आकर्षक बताया।

उन्होंने आगे कहा, यही मेरी भावना है। मेरे लिए आराम ही सब कुछ है। मैं उसी के अनुसार कपड़े पहनती हूं ताकि मैं अपने दिन के दौरान बेहद शांत, सहज और आरामदायक रह सकूं।

अभिनेत्री जल्द ही फिल्म सेक्शन 84 में सिने आइकन अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी, जिसका निर्देशन रिभु दासगुप्ता ने किया है, जिन्होंने इससे पहले 2014 में अमिताभ बच्चन को युद्ध और 2015 में टीई3एन में निर्देशित किया था।



## धनुष, नागार्जुन, शेखर कम्मुला के डीएनएस शीर्षक से उठा पर्दा, फिल्म कुबेर से फर्स्ट लुक पोस्टर भी जारी



राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक शेखर कम्मुला भारतीय सिनेमा के दो बड़े सितारों- राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता धनुष और किंग नागार्जुन अक्किनेनी के साथ अपना महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट डीएनएस बना रहे हैं। महा शिवरात्रि के शुभ अवसर पर, निर्माताओं ने फिल्म के शीर्षक का अनावरण किया और फर्स्ट लुक पोस्टर भी जारी किया। फिल्म का नाम कुबेर है जो सबसे अमीर देवता का नाम है। धनुष का फर्स्ट लुक टाइटल से काफी अलग है। पृष्ठभूमि में भगवान शिव को देवी अन्नपूर्णा से भिक्षा लेते हुए दिखाया गया है, जबकि हम धनुष को छवि के सामने खड़े हुए देखते हैं, एक बहुत ही गंदे अवतार में और फटे कपड़ों के साथ। मोशन पोस्टर रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद के धमाकेदार स्कोर के साथ आध्यात्मिक भावनाओं से भरपूर है। शेखर कम्मुला ने हमें फर्स्ट लुक पोस्टर से आकर्षित किया है, जो शीर्षक के विपरीत धनुष के चरित्र को प्रस्तुत करता है। इससे फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ती है और धनुष इसमें किस तरह की भूमिका निभा रहे हैं। फैंस नागार्जुन के किरदार के बारे में भी जानने के लिए उत्सुक हैं। लेकिन, फिल्म में नागार्जुन के किरदार पर अपडेट के लिए उन्हें कुछ और समय इंतजार करना होगा। फिल्म में प्रमुख महिला के रूप में रश्मिका मंदाना भी हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता संगीतकार रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद ने संगीत दिया है, जबकि निकेथ बोम्मी सिनेमैटोग्राफी संभालते हैं। रामकृष्ण सब्बानी और मोनिका निगोत्रे प्रोडक्शन डिजाइनर हैं।

## चुलबुल पांडे बनकर वापस आ रहे हैं सलमान खान! अरबाज खान ने दबंग 4 पर लगाई मुहर

एक बार फिर बड़े पर्दे पर चुलबुल पांडे धमाले मचाने के लिए तैयार हैं. सलमान खान की दबंग फ्रैंचाइजी के चौथे पार्ट को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है, जिसे सुनकर फैंस खुशी से झूम उठेंगे. खबरें हैं कि बहुत सलमना खान अब जल्द ही दबंग 4 लेकर आने वाले हैं. इस बात की पुष्टि अभिनेता और निर्माता अरबाज खान ने की है. अरबाज ने दबंग 4 को हरी झंडी दिखा दी है. उन्होंने कहा कि इस वक्त मैं और सलमान दोनों ही अपने-अपने प्रोजेक्ट्स में बिजी चल रहे हैं. लेकिन सलमान खान एक बार फिर चुलबुल पांडे का किरदार निभाना चाहते हैं. सही समय आने पर हम फिल्म की घोषणा करेंगे और फिर शूटिंग शुरू होगी. बता दें कि बीते दिनों खबरें आई थी कि सलमान और अरबाज दबंग 4 के सिलसिले में जवान के निर्देशक एटली से मिले थे. वहीं अब बातचीत के दौरान अरबाज ने इन खबरों को सिरे से नकार दिया है।



## शैतान ने ली 100 करोड़ क्लब में एंट्री, अजय देवगन ने तोड़ा अपनी हिट फिल्मों का रिकॉर्ड



शैतान का बॉक्स ऑफिस पर दबदबा अब भी कायम है. रिलीज के 10 दिनों बाद भी अजय देवगन और आर माधवन स्टारर फिल्म थिएटर्स में अपना जलवा दिखा रही है और धांसू कमाई कर रही है. फिल्म का कलेक्शन हाल ही में रिलीज हुई फिल्मों योद्धा और बस्तरः द नक्सल स्टोरी को मात दे रही है. फिल्म ना सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर बल्कि दुनिया भर में अच्छा बिजनेस कर रही है. 10 दिनों के कलेक्शन के साश शैतान घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ क्लब का हिस्सा बन गई है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक सेकेंड संडे को फिल्म को बहुत फायदा हुआ है और फिल्म ने अब तक 9.75 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है. इसी के साथ अजय देवगन स्टारर एक्शन-थ्रिलर फिल्म शैतान का टोटल कलेक्शन 103.05 करोड़ रुपए हो गया है. शैतान ने 100 करोड़ क्लब में एंट्री लेकर अजय देवगन की कई हिट फिल्मों के लाइफटाइम कलेक्शन को मात दे दी है. फिल्म ने एक्टर की साल 2011 में रिलीज हुई हिट फिल्म सिंघम का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. सिंघम ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कुल 102.94 करोड़ रुपए का कारोबार किया था. शैतान ने बोल बच्चन को भी शिकस्त दे दी है. बोल बच्चन साल 2012 में रिलीज हुई थी और पर्दे पर हिट रही थी. फिल्म का लाइफटाइम कलेक्शन 102.94 करोड़ रुपए रहा था.

इसके अलावा अजय देवगन की शैतान ने शिवाय को भी पछाड़ दिया है. साल 2016 में आई इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 100.33 करोड़ रुपए की कमाई की थी और एवरेज साबित हुई थी.

# खेल



श्रीलंका के स्टार ऑलराउंडर वानिंदू हसरंगा की टेस्ट क्रिकेट में वापसी बांग्लादेश के खिलाफ नहीं हो पाएगी। बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने के कारण हसरंगा को तीन डिमेरिट प्वाइंट दिए गए थे जिसके लिए उन पर दो टेस्ट मैच का प्रतिबंध लग गया है। श्रीलंका के लेग स्पिनर वानिंदू हसरंगा टेस्ट संन्यास से वापस आ गए हैं और उन्हें बांग्लादेश में दो मैचों की सीरीज के लिए 17 सदस्यीय टीम में नामित किया गया था।

## हसरंगा पर ICC ने दो मैच का बैन लगाया

### बांग्लादेश के खिलाफ नहीं खेलेंगे; अंपायर के फैसले पर जताई थी असहमति

श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच टेस्ट सीरीज 22 मार्च से 3 अप्रैल तक चलेगी। पहला टेस्ट 22 मार्च से सिलहट में शुरू होगा जबकि दूसरा मैच 30 मार्च से चटगांव में खेला जाएगा।

### IPL में सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़ सकते हैं हसरंगा

उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में अंपायर के फैसले पर असहमति जताने की वजह से उनकी आधी मैच फीस काट ली गई और तीन डिमेरिट पॉइंट्स दिए गए। अब हसरंगा के 24 महीने के अंदर 8 डिमेरिट पॉइंट्स हो गए हैं, जो चार सस्पेंशन पॉइंट्स में बदल गए हैं।

ICC के नियम के मुताबिक अगर किसी खिलाड़ी के 24 महीने के अंदर चार सस्पेंशन पॉइंट्स हो जाते हैं तो वह खुद ब खुद 2 टेस्ट या 4 वनडे या 4 टी-20 इंटरनेशनल मैच के लिए बैन हो जाता है। हसरंगा सजा के खिलाफ अपील कर सकते हैं। अगर ICC हसरंगा की अपील ठुकरा देती है तो इसका मतलब यह होगा कि वे टेस्ट सीरीज नहीं खेल पाएंगे। वहीं अगर हसरंगा श्रीलंका-बांग्लादेश सीरीज में नहीं खेलते हैं तो IPL में अपनी टीम सनराइजर्स हैदराबाद से जुड़ सकते हैं। हसरंगा सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) टीम का हिस्सा हैं। वे बेस प्राइस1.50 करोड़ में ही टीम से जुड़े थे। हैदराबाद 23, 27, 31 मार्च और 5 अप्रैल को मैच खेलेगी। उम्मीद की जा रही है कि हसरंगा चौथे मैच के लिए उपलब्ध होंगे।




### अगस्त 2023 में लिया था संन्यास

हसरंगा ने अपने वनडे और टी-20 के करियर पर ध्यान देने के लिए लिए अगस्त 2023 में अपने टेस्ट संन्यास की घोषणा की थी। टी-20 वर्ल्ड कप से एक साल से भी कम समय में, उन्हें सबसे छोटे प्रारूप में नेशनल टीम के कप्तान बन गए। हसरंगा ने 2020 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था। उन्होंने केवल चार टेस्ट मैच खेले, जिनमें उन्होंने चार विकेट लिए। हसरंगा ने अपना अंतिम टेस्ट मैच 2021 में पल्लेकल में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था।

### अब तक श्रीलंका के लिए 54 वनडे और 65 टी-20 खेले हैं

हसरंगा ने अब तक श्रीलंका के लिए 54 वनडे और 58 टी-20 खेले हैं। उन्होंने वनडे में 895 रन बनाए और 84 विकेट लिए। जबकि, टी-20 में फिनिशर की भूमिका निभाते हुए 650 रन बनाए और गेंद से 104 विकेट लिए।

## एक नजर

### पीएसएलः ड्रेसिंग रूम में सिगरेट फूंकते पकड़े गए इमाद वसीम

**नई दिल्ली ।** क्रिकेट जगत में पाकिस्तान हमेशा चर्चा में रहता है। हालांकि, इसके पीछे वजह उनका खेल नहीं बल्कि करतूत है। पाकिस्तान जिस टी20 लीग (पीएसएल) की टक्कर आईपीएल से करता है, उसके फाइनल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। ये वीडियो ड्रेसिंग रूम का बताया जा रहा है। जिस ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ी रणनीति बनाते हैं, खाना खाते हैं, वहां एक पाकिस्तानी क्रिकेटर सिगरेट फूंकते पकड़ा गया। इस्लामाबाद यूनाइटेड के ऑलराउंडर इमाद वसीम को सोमवार को कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में मुल्तान सुल्तांस के खिलाफ पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) फाइनल में शानदार प्रदर्शन के बाद ड्रेसिंग रूम में धूम्रपान करते हुए देखा गया। इस ऑलराउंडर ने इस्लामाबाद यूनाइटेड की तीसरी पीएसएल खिताब जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने मुल्तान सुल्तांस को 159/9 पर रोकने के लिए पांच विकेट हासिल किए और बाद में सफल रन चेज़ का नेतृत्व करने के लिए नाबाद 19 रन भी बनाए। हालांकि, मैदान पर अपने प्रदर्शन के तुरंत बाद वसीम एक विवाद में फंस गए। उन्हें मैच के दौरान टीम के ड्रेसिंग रूम में धूम्रपान करते देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के अनुसार, जब कैमरा इमाद पर था तब वो स्मोकिंग करते दिखे। बाद में वह खुद हंसने भी लगे। वीडियो में यह नजारा कैप्चर हो गया है और इसको लेकर सोशल मीडिया पर बवाल मचा हुआ है।




### जयदेव उनादकट काउंटी चैम्पियनशिप के लिए ससेक्स से फिर किया अनुबंध, खेलेंगे 5 मैच

**नईदिल्ली ।** भारतीय तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने काउंटी क्रिकेट चैम्पियनशिप के लिए फिर से पुरानी टीम और इंग्लिश क्लब ससेक्स से अनुबंध कर लिया है।वह इंडियन प्रीमियर लीग के बाद चैंपियनशिप के आखिरी 5 मैचों के लिए ससेक्स के साथ जुड़ेंगे।उनादकट ने पिछले सीजन में ससेक्स के लिए अंतिम 4 मैचों में से 3 खेले थे और 24.18 की औसत से 11 विकेट चटकाए थे। इससे टीम को डिवीजन-2 में तीसरा स्थान हासिल करने में मदद मिली थी।




नए अनुबंध पर उनादकट ने कहा, पिछले सीजन होव में मैने लीसेस्टरशायर के खिलाफ आखिरी दिन 6 विकेट चटकाकर टीम को 15 रनों से रोमांचक दिलाने में मदद की थी। उस प्रदर्शन ने मुझे काउंटी क्रिकेट और ससेक्स में घर का अहसास कराया था।उन्होंने कहा, जब मुख्य कोच पॉल फार्ब्रेस ने मुझे इस सीजन के आखिरी चरण के लिए अनुबंध की पेशकश की तो मुझे बहुत खुशी हुई। उम्मीद है मैं टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करूंगा। मुख्य कोच फार्ब्रेस ने कहा, उनादकट ने पिछले सीजन बेहतरीन प्रदर्शन किया था और उम्मीद है कि वह इस सीजन भी वही लय बरकरार रखेंगे।

### SRH की स्ट्रेंथ और वीकनेसः

## हेड बैटिंग अग्रेसिव बना रहे, कमिंस-उनादकट के आने से बॉलिंग मजबूत; लगातार चौथे सीजन में कप्तान बदला




**हैदराबाद।** पिछले सीजन में सबसे निचले पायदान पर रही सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के लिए ऑस्ट्रेलिया को वर्ल्ड चैंपियन बनाने वाले पैट कमिंस को कप्तान बनाया है। टीम ने लगातार चौथे सीजन में कप्तानी में बदलाव किया है। इससे पहले, एडन मार्करम टीम की कमान संभाल रहे थे।

हैदराबाद की टीम अपने अभियान का आगाज 23 मार्च को कोलकाता के खिलाफ कोलकाता में करेगी। पहले 2 हफ्ते में टीम को चार मुकाबले खेलने हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद ने ऑक्शन में 30.80 करोड़ रुपए खर्च कर 6 प्लेयर्स खरीदे। इनमें 4 कैप्ड प्लेयर रहे और चारों ही शानदार हैं। 20.50 करोड़ रुपए के पैट कमिंस को टीम कप्तानी भी सौंप सकती है। वनिंदूहसरंगा, हेड, उनादकट और आकाश सिंह बेहद कम कीमत में स्क्वॉड का हिस्सा बन गए। हसरंगा टेस्ट संन्यास से वापस आ गए हैं और उन्हें बांग्लादेश में दो मैचों की सीरीज के लिए 17 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। यह सीरीज 4 अप्रैल तक चलेगी। इस कारण वे IPL के पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। टीम में मयंक त्रिपाठी, अभिषेक शर्मा और एडन मार्करम पहले से हैं। विकेटकीपिंग ग्लेन फिलिप्स और हेनरिक क्लासन जैसे नाम हैं, जबकि गेंदबाजी की कमान उमरान मलिक, भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन और जयदेव उनादकट के नाम है।

### RCB की स्ट्रेंथ और वीकनेस

## टीम में बैटिंग का पावर-हाउस; मैक्सवेल-ग्रीन ने पिछले साल 160+ के स्ट्राइक रेट से 400 से ज्यादा रन बनाए

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 22 मार्च को चेन्नई सुपरकिंग्स से इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन का पहला मुकाबला खेलेगी। टीम में बैटिंग का पावर हाउस है। कप्तान फाफ डु प्लेसिस, विराट कोहली, कैमरन ग्रीन, ग्लेन मैक्सवेल और दिनेश कार्तिक जैसे दमदार बैटर हैं, जो कभी भी मैच का रुख पलट सकते हैं। मैक्सवेल ने पिछले सीजन में 183.49 के स्ट्राइक रेट से 400 रन बनाए, जबकि ग्रीन ने ग्रीन ने 160.28 के स्ट्राइक रेट से 452 रन बनाए। बेंगलुरु में भले ही कई मैच विनर्स हैं, लेकिन टीम अहम मौकों पर फेल साबित हो रही है। टीम के खाते में अब तक एक भी ट्रॉफी नहीं आई है। बेंगलुरु ने जोसेफ, दयाल, फर्ग्यूसन जैसे गेंदबाज खरीदे; कैमरून बैटिंग को बल देंगे




रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 20.40 करोड़ रुपए में 6 प्लेयर्स खरीदे। टीम में मोहम्मद सिराज, अल्जारी जोसेफ और लॉकी फर्ग्यूसन जैसे गेंदबाज हैं। फ्रेंचाइजी ने सौरव चौहान, स्वप्निल सिंह और टॉम करन को अपने साथ जोड़कर बैटिंग ऑप्शन बढ़ाए हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु - फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), कैमरन ग्रीन, विराट कोहली, रजत पाटीदार, ग्लेन मैक्सवेल, महिपाल लोमरोर, दिनेश कार्तिक, कर्ण शर्मा, मोहम्मद सिराज, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल।

# अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने डाइट जशपुर में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस माह

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

डाइट जशपुर एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस माह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डाइट के प्राचार्य एमजेडयू सिद्दीकी, उप प्रचार्य संगीता भोय, डाइट के स्टाफ उषा किरण तिर्की, एस डाहिरे, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के डॉ. मुकेश, एवं सुश्री श्वेता उपस्थित थे।





इस अवसर पर प्राचार्य सिद्दीकी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस माह अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के द्वारा मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस क्यों और किस आधार पर मनाया जाता है। वीरांगना रानी दुर्गावती, महारानी लक्ष्मी बाई, श्रीलंका की राष्ट्रपति भंडारके, इंदिरा गांधी, राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, जैसे अनेक महिलाओं के बारे मे बताकर समाज में महिलाओं का उपलब्धि पर प्रकाश डाला। एक महिला सफल होती है तो दो परिवारों को सफ्ल बनाती है। शुरुआत घर से होती है परिवार में मां और बहन को देख कर उनका महत्व समझ सकते है उनका त्याग और समर्पण आपको नई दिशा दे सकता है। नारी को महत्व देने की परम्परा या आदत की शुरुआत अपने घर से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं राजनीतिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्र मे आगे बढ़ रही है और नई दिशा दे रही है। उप प्राचार्य संगीता भोय ने महिला दिवस के संदर्भ में उन्होंने कहा कि आज समाज मे उन महिलाओं पर बात होगी जिन्होंने समाज मे विशेष योगदान दिया है। महिला जननी है और उनका स्थान देवी का स्थान है इसलिए इनका सम्मान आवश्यक है। मां का महत्व सभी जानते है इसलिए उनका सम्मान कितना हो यह आप सभी पर निर्भर है। स्त्री समर्पित करने वाली होती हैं नारी नदी के सामान होती है संघर्ष करते हुए समाज को नई दिशा देती है उन्होंने कविता के माध्यम से महिला के महत्व को समझाया।

डॉ. मुकेश ने कहा की जीवन के विकास मे व्यवहार का अनुसरण कर कैसे उसे अमलीजामा पहुंचे इस दिशा में आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि 21 वीं शदी की पीढ़ियों के लिए आवश्यक है की सोंच मे हम कितना परिवर्तन ला सकते है कितने विवेक सम्मत रूप से आप सोंच को रखते है यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस अवसर पर महिलाओं के अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। उषा किरण तिर्की ने समाज में महिलाओं की भूमिका एवं महत्व पर प्रकाश डाला।

## एक नजर

### कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने मतदाता जागरूकता सामूहिक शपथ लिया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों के साथ सामूहिक शपथ लिया। सभी ने शपथ किया कि हमए भारत के नागरिकए लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्रए निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए, निर्भीक होकर धर्मए मूल, वंश, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### होली पर्व के अवसर पर 25 को शुष्क दिवस घोषित

**कोरबा** । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आगामी होली पर्व पर 25 मार्च 2024 दिन सोमवार को शुष्क दिवस घोषित करते हुए उक्त समयावधि में सभी प्रकार की मदिरा दुकानें आदि बंद रखने के आदेश दिए हैं। कलेक्टर ने छ.ग. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए 25 मार्च को होली पर्व के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित करते हुए जिले में स्थित समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकानों, एफएल.3 बार एवं मद्यभण्डागार को उक्त शुष्क अवधि में पूर्णतः बंद रखे जाने के आदेश दिए है।

### सी-विजिल ऐप ने आम नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की गतिविधि को रोकने कर सकेंगे मदद

**कोरबा** । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन उपलब्ध कराया गया है। सी-वीजिल का अर्थ सिटिजन वीजिलेंस यानि नागरिकों की सतर्कता है। सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की गतिविधि को रोकने में मदद मिलती है और निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है। सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर एवं एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एप्लीकेशन नागरिक जुड़ाव और प्रवर्तन प्रक्रिया में भागीदारी को बढ़ावा देता है। निर्वाचन को ठीक से संचालित करने के लिए विश्वास-आधारित साझेदारी की आवश्यकता है और यह मोबाइल एप्लीकेशन जागरूकता, विश्वास और आत्मविश्वास पैदा कर उस साझेदारी को सुगम बनाने में सहायक सिद्ध होता है। कलेक्टर ने जिले के सभी विधानसभाओं के लिए नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर्स सहित अन्य अधिकारियों को सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।

सी-विजिल मोबाईल एप्लीकेशन निर्वाचन सीमा के भीतर प्रत्येक नागरिक को आवेदन में साइन-इन करके अपने मोबाइल फोन के माध्यम से फोटो, ऑडियो, वीडियो लेकर आदर्श आचार संहिता व व्यय उल्लंघन की रिपोर्ट करने की अनुमति देता है। ऐप नागरिकों को उनके व्यक्तिगत विवरण पहचान का खुलासा किए बिना गुमनाम रूप से शिकायत करने की भी अनुमति देता है। जब उपयोगकर्ता उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए सी-विजिल में अपने कैमरे को चालू करते हैं, तो ऐप स्वचालित रूप से एक जियो-टैगिंग सुविधा को सक्षम करता है, जिससे फील्ड यूनिट की घटना के सटीक स्थान को जानने में मदद मिलती है। ऐप सभी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन व शिकायतों तक पहुंच सकता है और रीयल-टाइम प्रगति की जांच कर सकता है। फील्ड यूनिट द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के बाद निर्णयकर्ता व रिटर्निंग अधिकारी सी-विजिल मामलों पर ड्रॉप, डिसाइड और एस्केलेट जैसी कार्रवाई कर सकते हैं।

### अवैध शराब के भण्डारण, विक्रय के नियंत्रण के लिए टोल फ्री नंबर-14405, मोबाइल नम्बर-92445-17388 पर की जा सकती है शिकायत

**कोरबा** । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में सहायक आयुक्त आबकारी श्री सौरभ बख्शी द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में अवैध शराब के विरूद्ध सतत् कार्यवाही करने विभागीय अमला को निर्देशित किया है। आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा सूचना मिलने पर त्वरित छापा मारकर आरोपियों के विरूद्ध चालान न्यायालय में प्रस्तुत कर रही है। इस हेतु जिले में अवैध शराब के भण्डारण, विक्रय के नियंत्रण हेतु नियंत्रण कक्ष स्थापित कर टोल फ्री नंबर-14405, मोबाइल नम्बर-92445-17388 जारी किया गया है।

## कैंपर वाहन की चोरी, नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा** । बुधवारी बाजार के पास से महिंद्रा कैंपर वाहन की चोरी किसी अज्ञात चोर ने कर ली। वाहन मालिक की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर नाबालिग आरोपित को गिरफ्तार किया।

घटना सीएसईबी पुलिस चैकी अंतर्गत सोमवार को हुई। बताया जा रहा है कि जयपाल सिंह निवासी कृष्णा नगर थाना दीपका अपनी महिंद्रा कैंपर वाहन क्रमांक सीजी 12 एके 8613 लेकर कोरबा आया था और शाम 5.30 बजे अपने वाहन को आईटीआई रोड बुधवारी में सड़क किनारे खड़ी कर गाड़ी का कागजात लेने श्याम केवट के यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस आफिस गया हुआ था। शाम छह बजे कागजात लेकर लौटा, तो स्थल पर वाहन नहीं दिखा। स्थल से किसी अज्ञात व्यक्ति ने वाहन की चोरी कर ली थी। काफी खोजबीन किए जाने के बाद भी वाहन का पता नहीं चला, तो जयपाल सिंह ने मामले की शिकायत सीएसईबी पुलिस चैकी में दर्ज कराई।

पुलिस ने मामला कायम कर विवेचना शुरू की और मुखबिरों को सतर्क किया। चैकी प्रभारी सीएसईबी उप निरीक्षक विनोद कुमार सिंह द्वारा अपने मातहत स्टाफ प्रधान आरक्षक सुधांशु शर्मा, आरक्षक देवनारायण कुर्रे, सूरज भारद्वाज, विकास भारद्वाज के साथ कार्रवाई करते हुए घटना के एक घंटे के भीतर चोरी गई वाहन को क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से बरामद किया। पुलिस ने बताया कि पहले भी उक्त बालक द्वारा बुधवारी बाजार स्थित रामू फर्नीचर के पास से एक पिकअप वाहन को चोरी कर लिया गया था।

## मीडिया अनुप्रमाणन एवं मॉनिटरिंग समिति के सदस्यों को दिया प्रशिक्षण

पेड न्यूज,राजनीतिक विज्ञापन सहित सोशल मीडिया पर चुनावी प्रचार को चिन्हिंत करने के संबंध में दी गई जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।







लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के संबंध में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय मीडिया अनुप्रमाणन एवं मॉनिटरिंग समिति एवं एमसीएमसी कमिटी के सदस्यों का प्रशिक्षण आयोजित हुई। मास्टर ट्रेनर्स श्रीकांत वर्मा एवं डॉ.एमएम जोशी द्वारा समिति के सदस्यों को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के लिये भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शी बिन्दुओं के अनुरूप आदर्श आचार संहिता, राजनीतिक विज्ञापन, पेड न्यूज, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार हेतु मापदंड की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही मीडिया प्रमाणन के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय व निर्वाचन आयोग के निर्देश, प्रमाणन के आधार, समिति का अधिकार क्षेत्र, मीडिया प्रमाणन की आवश्यकता, मीडिया निगरानी, पेड न्यूज, फेक न्यूज सहित अन्य विषय पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर नोडल अधिकारी एमसीएमसी कमलज्योति जाहिरे, सदस्य विनोद सिंह, डॉ.एम महतो, प्रभारी अधिकारी भागवत साहू,राजकुमार अग्रवाल, सुरेश कंवर आदि उपस्थित थे।

## कृषि विभाग की किसानों से अपील, असामयिक वर्षा से फसलों के नुकसान की भरपाई हेतु फसल बीमा में करें आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

जिले में पिछले 02 दिनों से असामयिक वर्षा से रबी फसलों को नुकसान की संभावना है। कृषि विभाग के उपसंचालक आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के बरमकेला और सारंगढ़ विकासखण्ड के कुल 129 गांव के गेहूं एवं सरसों की फसल बीमा हेतु अधिसूचित है। जिले में 20 मार्च की वर्षा 67.4 मिलीमीटर तक दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में गेहूँ एवं सरसों के किसानों को क्षतिपूर्ति प्रदान करने का प्रावधान है। किसानों को अपनी फसल में हुए नुकसान की सूचना 72 घंटे के भीतर बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 1800-200-5959 पर या 14447 पर कॉल करकेए फार्ममित्र एप या लिखित रूप से स्थानीय राजस्व अथवा कृषि अधिकारियों या संबंधित बैंक को देनी पड़ती है। इसके पश्चात् बीमा कंपनी के प्रतिनिधि एवं कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी किसान की उपस्थिति में खेत में लगी फसल का निरीक्षण करने के बाद क्षति के आकलन के अनुसार क्षतिपूर्ति देय होती है।



## मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत ग्राम कोसीर छोटे में हुआ आयोजन

वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों को शत प्रतिशत मतदान हेतु दिलाया गया शपथ



जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

समाज कल्याण विभाग एवं जनपद पंचायत सारंगढ़ के समन्वय से मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्थानीय जनपद पंचायत सारंगढ़ के ग्राम पंचायत ठाकुरदिया के आश्रित ग्राम कोसीर छोटे में आयोजन किया गया। इस अभियान में वरिष्ठ नागरिकोंए दिव्यांगजनों के लिए लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी निर्वाचन के समय शत् प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करते हुए शपथ संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर 70 से अधिक वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग सहित ग्राम वासी उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में समाज शिक्षा संगठक सुरेश कुमार राठिया, सचिव ग्राम पंचायत गजानन पटेल, समाज कल्याण तकनीकी सहायक आनंद रात्रे सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## शासकीय महाविद्यालय बरपाली में किया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।






कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशानुसार एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा के समन्वय से लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल.कॉलेजों के सभी छात्र-छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़.नाटक, रैली, नारा.लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज शासकीय महाविद्यालय बरपाली के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वीप कार्यक्रम आयोजित की गई। कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने नारा लेखन, भाषण, निबंध जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से सभी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा शपथ पत्र का वाचन कर सभी छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई।

# यादव समाज की सामाजिक बैठक में यादव को यादव जी संबोधन करने का हुआ निर्णय

जोहार छत्तीसगढ़–कोरबा।

**यादव समाज एक ऐतिहासिक गौरवशाली समाज है। जिसका शौर्य वर्णन इतिहास के स्वर्णिम पन्नो में अलंकृत है। यादव स्वाभिमानी, साहसी,निडर, और वीरता के लिए जाने जाते है। यादव समाज विशाल जनसंख्या वाला समाज है।**





देश के हर क्षेत्र में आरंभ से अंतिम छोर तक यादव निवासरत है। यादव समाज को संगठित कर मजबूत एकता निर्माण के उद्देश्य से गठित सामाजिक संगठन यादव एकता मंच छत्तीसगढ़ सक्रिय रूप से राज्य के हर क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता, सदस्यता, एवं एकता अभियान चला रही है। ताकि पृथक–पृथक वर्ग भेद में बंटे समस्त यादव को एक मंच में लाया जा सके। और समाज का सर्वांगीण विकास हो सके। आज समाज राजनीतिक, आर्थिक, शैक्षणिक,और अन्य विकास में पिछड़ा हुआ है। बहुसंख्यक होते हुए भी इनके पिछड़े होने का कारण समाज के प्रति यादवों की उदासीनता है। जब तक समाज से जुड़कर समाज के संस्कार, संस्कृति, और मर्यादा के अनुरूप सामाजिक जागरूकता और सक्रियता नही होगी तब तक समाज का विकास नहीं हो पाएगा। इसके लिए सभी को संपर्क में लेकर सामाजिक एकता अभियान से जुड़ना होगा। और सामाजिक नियमो का पालन करना होगा। यादव समाज का सक्रिय संगठन यादव एकता मंच छत्तीसगढ़ सामाजिक दायित्वों के तहत सराहनीय भूमिका का निर्वहन कर रहा है। अल्प समय में ही सक्रिय सदस्यों के प्रयास से संगठन ने विशेष उपलब्धि प्राप्त किया है। और अपने सामाजिक अभियान में निरंतर गति से आगे बढ़ रहा है। इसका सारा श्रेय सदस्यों को जाता है।

समाज में व्याप्त कुरीति, अंधविश्वास, पाखंड और अज्ञानता को दूर कर ज्ञान, विज्ञान,शिक्षा और तकनीकी का प्रचार कर समाज में भाईचारा स्नेह और मानवता का संचार करना सेवा लक्ष्य है। उक्त बातें एवं विचार सामाजिक बैठक में उपस्थित समाज के सदस्यों द्वारा कही गई। 19 मार्च 2024 को आरा मशीन निहारिका रोड कोरबा में आयोजित बैठक में चर्चा परिचर्चा उपरांत उपस्थित सदस्यों द्वारा सामाजिक प्रस्ताव लाया गया जिसमे यादव समाज के जातीय सूचक गरिमामय यादव,को यादव जी संबोधन करने पर निर्णय हुआ। जिस तरह सम्मानित रूप से ब्राम्हण को पंडित जी, सिख को सरदार जी,कहकर संबोधित करते है। और सम्मान देते हैं।

उसी तरह समाज में संस्कार के साथ यादव को यादव जी संबोधित किया जाना चाहिए। सभी ने इस प्रस्ताव पर सहमति देते सामाजिक निर्णय लिया। और समाज में आह्वान किया की सभी इस निर्णय का सम्मान पूर्वक पालन करे। अपने निवास, वाहन, दुकान, और अन्य स्थलों में यादव के साथ जी का उल्लेख करे और यादव जी लिखे और संबोधित करें। बैठक में यादव एकता मंच छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ संरक्षक मनहरण यादव, संयोजक,प्रदेश महासचिव राजा यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष तामेश्वर यादव, प्रदेश सह सचिव संतोष यादव, जिलाध्यक्ष जांजगीर चांपा शनि यादव, और राजू यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### फर्जी पुलिस बनकर ठगने वालों के मोबाइल नंबर 9582806265, 8130601348 से रहे सावधान

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़।

रोज–रोज अपराधियों ने नागरिकों को लूटने का नया नया तरीका अख्तियार कर लिया है। बदमाशों ने अब पुलिस विभाग को भी नहीं छोड़ा। ऐसे अपराधियों के मोबाइल नंबर 9582806265 से सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नागरिकों को फोन किया जा रहा है और कहा जा रहा है कि आपके विरूद्ध थाना में शिकायतए एफआईआर हुआ है। अमुक व्यक्ति से 8130601348 नंबर पर कॉल करके सेटल कर लो। इसलिए जिले के नागरिक ऐसे अज्ञात बदमाशों के फोन कॉल से घबराए नहीं। उनके खिलाफ थाना में शिकायत करें।

### महापौर राजकिशोर प्रसाद का अस्थायी जाति प्रमाण पत्र निलंबित

**कोरबा** । नगर पालिक निगम कोरबा के कांग्रेस महापौर राजकिशोर प्रसाद का जाति प्रमाण पत्र निलंबित कर दिया गया है। अस्थायी जाति प्रमाण पत्र का अंतिम जांच होने तक वे इस जाति प्रमाण पत्र का कोई लाभ नहीं ले सकेंगे। नगर पालिक निगम कोरबा के महापौर राजकिशोर प्रसाद द्वारा नगरीय निकाय चुनाव के दौरान अस्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया था जिसे अब निलंबित कर दिया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा द्वारा 18 मार्च 2024 को जारी आदेश में उल्लेखित है कि तहसीलदार कोरबा द्वारा पांच दिसंबर 2019 को अनुमोदित अस्थाई जाति प्रमाण पत्र को प्रथम दृष्ट्या संदेहास्पद एवं कपट पूर्वक प्राप्त करने के कारण अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए अंतिम जांच होने तक निलंबित करने तथा अनावेदक राजकिशोर प्रसाद द्वारा किसी भी प्रकार के हित लाभ के लिए उपयोग नहीं किए जाने संबंधी आदेश जारी करने के निर्देश सक्षम अधिकारी को दिया गया है।

उक्त आदेश के तहत राजकिशोर प्रसाद द्वारा अस्थाई जाति प्रमाण पत्र को किसी भी प्रकार के हितलाभ के लिए उपयोग करने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है।

गौरतलब है कि भाजपा पार्षद ऋतु चैरसिया द्वारा राजकिशोर प्रसाद के अन्य पिछड़ा वर्ग के अस्थाई जाति प्रमाण पत्र को चुनौती दी गई थी। जाति अनु प्रमाणन समिति के अंतिम जांच तक यह प्रतिबंध प्रभावी रहेगा।

### दो हजार लीटर डीजल सहित टैंकर जब्त, पकड़ा गया चालक

**कोरबा** । क्षेत्र में अवैध डीजल एवं कबाड़ के विरुद्ध कार्रवाई करने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थि तिवारी ने निर्देश दिया है। इसके बाद पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। थाना प्रभारी बागों द्वारा अपने मातहत कर्मचारियों के साथ वाहनों की जांच की जा रही थी, तभी एक पिकअप टैंकर क्रमांक सीजी 12 एस 4055 को रोक कर जांच की गई, तो उसमें असुरक्षित हालत में डीजल परिवहन करना मिला। इस पर पुलिस ने वाहन चालक परशुराम 22 वर्ष निवासी सेंधा नागपुर थाना पोड़ी जिला महेंद्रगढ़ से वाहन के पंजीयन, चालन अनुज्ञप्ति तथा टैंकर में लोड डीजल के संबंध में वैध मांगा, पर चालक के पास किसी प्रकार का दस्तावेज मौके पर नहीं मिला. इस पर चालक के विरूद्ध ज्वलनशील पदार्थ डीजल को असूरक्षित तरीके से बिना वैध अनुज्ञा– चालन अनुज्ञप्ति के अवैध परिवहन पाए जाने की कार्रवाई की गई। साथ ही टैंकर में परिवहन किया जा रहा दो हजार लीटर डीजल, वाहन समेत जब्त किया गया। चालक द्वारा डीजल एवं वाहन के पंजीयन तथा चालक अनुज्ञप्ति प्रस्तुत करने पर मोटरयान अधिनियम के अधीन असुरक्षित हालत में ज्वलनषील पदार्थ डीजल परिवहन करने, बैध अनुज्ञा के बिना वाहन का स्वरूप बदलकर पंजीयन की शर्तों का उल्लंघन तथा लदान क्षमता से अधिक लोड पाए जाने पर पृथक से कार्रवाई की गई।

### तेज वर्षा व ओले गिरने की संभावना, मौसम विभाग ने किया सतर्क

**कोरबा** । तापमान में लगातार गिरावट के साथ मौसमी उठा पटक का दौर दूसरे दिन भी जारी रहा। मौसम विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार आगामी 24 घंटे के भीतर तेज हवा चलने के साथ वर्षा और ओले गिरने की संभावना है। विभाग ने लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा है। मंगलवार की शाम आसमान में बदली के साथ शाम को हुइ बूंदाबांदी के साथ ठंड का असर तेज हो गया। शहर में दोपहर को तापमान अधिकतम 23 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं देर शाम 11 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मौसमी बदलाव का असर पिछले दो दिनों से जारी है। सुबह मौसम हल्का साफ रहने के बाद शाम के समय में तेज हवा के चलने के साथ वर्षा की स्थिति देखी जा रही है। मंगलवार को शहर में भी इसी तरह की स्थिति देखी गई।

# रतनपुर पुलिस ने होली,रमजान व नवरात्रि और ईद पर्व को शांतिपूर्वक मनाने शांति समिति की बैठक

नगर सहित आसपास के क्षेत्र वासियों से शांतिपूर्ण होली पर्व मनाने की अपील

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।

**होली, रमजान शरीफ व आने वाले नवरात्रि और ईद जैसे बड़े पर्व को देखते हुए शासन प्रशासन के द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था बनाए रखने व शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने के लिए रतनपुर थाना में शांति समिति की बैठक आहूत की गई थी।**



जिसमें गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि एवं शासन प्रशासन के आला अधिकारियों के द्वारा सभी को शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील के साथ कुछ दिशा निर्देश दिए गए थाना परिसर में रतनपुर थाना प्रभारी प्रशिक्षु अजय कुमार,निरीक्षक देवेश सिंह राठौर तहसीलदार आकाश गुप्ता, के नेतृत्व में यह बैठक संपन्न हुई मीडिया के माध्यम से प्रशिक्षु थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाया जाए इसे लेकर लगातार लोगों को समझाईश दी जा रही है और गणमान्य नागरिकों से हमारे द्वारा सुझाव लिए गए है। और सुझाव के अनुसार पेट्रोलिंग गाड़ी के माध्यम से असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जाएगी और हुडदंगियों पर कार्यवाही भी होगी इस तरह सभी से अपील की गई है कि शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाया जाए इसी क्रम में रतनपुर थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण व्यवस्था स्थापित रखने नगरवासियों के बीच शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जहां कानून व्यवस्था बनाये रखने लोगों से अपील की गई, इस दौरान पेट्रोलिंग,बल की तैनाती सहित सार्वजनिक स्थानों पर निगरानी के अलावा होलिका दहन के समय कोई भी हुड़दंग नही करने जैसे निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नगरवासियों ने अपने सुझाव भी पुलिस प्रशासन को दिए जिनका स्वागत करते हुए उपयुक्त व्यवस्था उपलब्ध कराने कहा गया वही सभी से फोन के माध्यम से सूचना देने अपील की गई किसी भी प्रकार के हुड़दंग के लिए पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा। शांति भंग करने वालों पर सीधें कार्यवाही होगी ग्रामीण इलाकों में भी कई ग्रामों में पुलिस बल तैनात किए जाएगे। इसके अलावा अलग से आसपास के इलाकों में पुलिस की पेट्रोलिंग होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवारों के माध्यम से इसकी मुनादी कराई जाएगी। बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष कन्हैया यादव, मंडल अध्यक्ष तीरिथ यादव, महामंत्री रोहिणी बैशवाडे,पार्सल नीतू सिंह छतरी,हकीम मोहम्मद पार्षद,पार्षद प्रेमांशु तिवारी,गणमान्य नागरिक, पार्षदगण, गांवों के सरपंच,स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, पत्रकार सहित पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

# स्वेच्छा अनुदान से गरीब छात्रों को मदद मिलती देख बौराई कांग्रेसः- शहर महामंत्री सुमीत शर्मा

जोहार छत्तीसगढ़ – रायगढ़।



शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला द्वारा भाजपा पर स्वेच्छा अनुदान के नाम पर समर्थकों को अनुग्रहित किए जाने एव ओपी चौधरी पर कैडर मजबूत किए जाने के आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा शहर महामंत्री सुमीत शर्मा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा रायगढ़ विधायक एवम वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा स्वेच्छा अनुदान किसी राजनीति दल जाति धर्म जाति विशेष से जुड़े किसी व्यक्ति विशेष को नही दिया गया बल्कि कॉलेज में अध्यन रत छात्रों प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं, रोजगार बढ़ाने एवम चिकित्सीय सहायता हेतु दिया गया है। माननीय मंत्री ओपी चौधरी के जरिए स्वेच्छा अनुदान की सहायता को एतिहासिक निरूपित करते हुए भाजपा युवा नेता सुमीत शर्मा ने कहा पहली बार रायगढ़ विधान सभा में निवास रत इतनी बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्रों युवाओं को अध्यन हेतु पठन पाठन सामग्री कार्य करने हेतु स्वेच्छा अनुदान की राशि स्वीकृत की गई है। सभी कॉलेज में अध्यन रत छात्रों को सूची कॉलेज के प्राचार्य से मंगवाई गई है। कॉलेजों में अध्यन करने वाले छात्र एन एस यू आई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े हो सकते है। सभी कोचिंग सेंटरों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवा, लॉ कॉलेज में अध्यन रत युवाओं के खाते में शिक्षा प्रोत्साहन उच्च शिक्षा हेतु तीन तीन हजार की राशि सीधे संबंधित हितग्राही के खाते में अंतरित की गई है। सुमीत शर्मा ने कहा रायगढ़ विधान सभा में पहली बार इनती बड़ी संख्या में गरीब आदिवासी दलित छात्रों युवाओ को अध्यन हेतु मिलने वाली मदद देख कर कांग्रेस बौखला गई है। ऐसा मिथ्या आरोप लगाने के पहले कांग्रेस को भूपेश सरकार के पांच सालो के दौरान अपने विधान सभा में कितने युवाओं छात्रों को पढ़ने एवम अध्यन करने के लिए प्रोत्साहित किया इसकी सूची कांग्रेस को भी जनता के सामने सार्वजनिक करनी चाहिए ताकि दूध का दूध पानी का पानी हो सके। नकारात्मक एवम बंटवारे की राजनीति पर विश्वास करने वाली कांग्रेस रायगढ़ विधान सभा में इतनी बड़ी हार के सदमे से अभी तक उबर नहीं पाई है और विधवा विलाप कर रही है। स्वेच्छा अनुदान के जरिए सहायता हासिल करने वाले छात्र या युवा भाजपा या कांग्रेस से जुड़कर किसी भी कॉलेज में अध्यन रत हो,या प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हो या किसी भी प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी कर रहे हो उनके खाते में सीधे तीन हजार की राशि पठन पाठन सामग्री एवं कॉपी पुस्तक खरीदने हेतु हस्तांतरित की गई है। वित्त मंत्री बनते ही रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने छात्रों के लिए रायपुर की तर्ज कर वृहद लाइब्रेरी बनाए जाने की स्वीकृति प्रदान की है। नहर के लिए सौ करोड़ रुपए निगम में विकास कार्य के लिए करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत की जा चुकी है। गरीब युवा छात्रों को मिलने वाली मदद देख कांग्रेस बौरा गई है और ऊल जलूल बयान बाजी कर रही है। इस आरोप को कांग्रेस की हताशा निरूपित करते हुए सुमीत शर्मा ने कहा भूपेश सरकार के दौरान जिले में मंत्री विधायक महापौर सभापति जिला पंचायत अध्यक्ष सत्ता धारी दल से जुड़े हुए होने के बावजूद एक मात्र संजय कॉम्प्लेस का जीर्णोधार फंड की कमी की वजह से पांच सालो में पूरा नही करा पाए। आज यही कांग्रेस छात्रों को अनुदान मिलने पर छाती पीट रही है।

# विवाद में अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़–लैलूंगा।




थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगड़े को ग्राम कमरगा में एक व्यक्ति की संदेहास्पद मृत्यु की सूचना मिली। तत्काल थाना प्रभारी वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे । जहां गांव के रातूराम चौहान के मकान बरामदा में अमर साय चौहान पिता सगुन चौहान उम्र 48 वर्ष, का शव कीचड़ में लथपथ पड़ा मिला। शव के सिर आंख के ऊपर और कई जगह चोट के निशान थे। प्रथम दृष्टिया मामला हत्यात्मक प्रतीत होने पर थाना प्रभारी द्वारा मृतक के वारिसानों एवं रातूराम चौहान के परिवारजनों को तलब कर पूछताछ किया गया। मृतक अमर साय का लड़का पूर्णचंद चौहान उम्र 21 साल मौके पर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके पिता अमर साय 18 मार्च के दोपहर साप्ताहिक बाजार कमरगा गए थे और रात करीब 8 बजे घर से खाना पकड़ कर गोड़ा,खेत सोने गया था। जिनका दूसरे दिन 19 मार्च के सुबह गांव के रातूराम चौहान के घर बरमदा में शव पड़ा मिला। थाना प्रभारी द्वारा अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर जांच आगे बढाये। गांववालों से पूछताछ में 18 मार्च को अमरसाय को छोटू सारथी और लच्छीन्दर चौहान रातूराम चौहान का लड़का, के साथ घूमते देखना बताये। पुलिस टीम द्वारा तत्काल दोनों को हिरासत में लेकर हिकमत अमली से पूछताछ करने पर लच्छीन्दर चौहान 18 मार्च की रात्रि अमर साय के साथ मारपीट करना बताया। आरोपी लच्छीन्दर चौहान पिता रातूराम चौहान उम्र 21 साल निवासी कमरगा ने बताया कि 18 मार्च दिन सोमवार के शाम अमर साय चौहान, छोटू सारथी के साथ तीनों गांव में खाना पीना किये। उसके बाद छोटू सारथी अमर साय को इसके घर छोड़कर चला गया। अमर साय नशे में लच्छीन्दर के साथ गाली गलौज करने लगा जिसमें दोनों के बीच विवाद हुआ और लच्छीन्दर ने द्वारा अमर साय को हाथ मुक्के से मारपीट कर कंक्रीट के फर्श ;बरामदाद्ध में पटकने लगा जिससे जमीन में पड़े छोटे कंक्रीट से अमर साय के सिरए आंख के ऊपर गहरा चोट आया और अमर साय चौहान की मौत हो गई।

थाना प्रभारी द्वारा घटनास्थल और आरोपी लच्छीन्दर चौहान के मेमोरेंडम पर महत्वपूर्ण साक्ष्य की जपती कर आरोपी को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन तथा एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन हत्या के अपराध में आरोपी की गिरफ्तारी एवं साक्ष्य संकलन में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक राजेश जांगडे, उप निरीक्षक चन्द्र कुमार सिंगार एवं हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

# सरस्वती शिशु मंदिर संचालन समिति का नवीन गठन, विजय केसरवानी पुन: अध्यक्ष मनोनीत



बलौदाबाजार – जोहार छत्तीसगढ़।

स्व. रामभरोसा लाल साव स्मृति समिति बलौदाबाजार का गठन चुनाव अधिकारी लीलाधर चंद्राकर जिला प्रतिनिधि सरस्वती शिक्षा संस्थान जिला रायपुर एवं सहयोगी रामकुमार वर्मा विभाग समन्वयक की उपस्थिति में संपन्न हुआ। आदरणीय विजय केसरवानी सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष निर्वाचित हुए। साथ ही खोड़स कश्यप को उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। राज नारायण केसरवानी समिति के सचिव , श्रीमती नीलम सोनी सहसचिव,आदरणीय लखेपाल जायसवाल कोषाध्यक्ष तथा व्ही.के. मिश्रा, अक्षर अग्रवाल पुष्पा ठाकुर, जामवंत वर्मा, दीपक पटेल एवं कौशल बंजारे छः लोगों को कार्यकारणी सदस्य के रूप में निर्वाचित किये। निर्वाचन उपरांत चुनाव अधिकारी लीलाधर चंद्राकर ने नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# 5 हजार के लिए साजिद और जावेद ने 2 बच्चों का काटा गला, पुलिस एनकाउंटर में 1 की मौत, यूपी में सियासी हलचल तेज

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़

*उत्तर प्रदेश के बदायूं में 5000 रुपयों के लिए दो सगे भाइयों की बाल काटने वाले उस्तरे ने हत्या कर दी गई हैं। मामला मंगलवार शाम का है जब जावेद और साजिद ने तीन बच्चों पर उस्तरे से हमला कर दिया।*




अचानक दोनों हत्यारे 5000 रूपये मांगने के लिए घर पहुंचे जिसके बाद दो बच्चों को छत पर ले गए और उन्हें मार डाला तब तीसरे बच्चे को भी मारने के लिए ऊपर छत पर ले गए जो अपना जान बचाकर भाग निकला। इस हत्याकांड में तीसरा भाई भी घायल हो गया। डबल मर्डर के बाद मुख्य आरोपी साजिद की पुलिस एनकाउंटर में मौत हो गई है जबकि जावेद की तलाश जारी है इस घटना के बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। गुस्साएं लोगों ने आरोपी की दुकान फूंक्र दी। इस वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मामला बिगड़ता देख आरोपी वहां से भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस को देखते ही उसने फायरिंग शुरू कर दी ज़ब आरोपी भागने की कोशिश कर रहा था तब पुलिस द्वारा घेराबंदी की गई जिसमे उसकी पुलिस से मुठभेड़ हो गई तब पुलिस ने एनकाउंटर में मुख्य आरोपी साजिद को ढेर कर दिया वहीं आरोपी जावेद की तलाश की जा रही है इस कांड के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात है वही मामला जैसे जैसे तूल पकड़ने लगा यूपी का राजनितिक माहौल गरमानें लगा। विपक्ष सत्ताधारी पार्टी पर आरोप लगाने लगे। जिसके बाद आप प्रशासन आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाने की तैयारी कर रही हैं।



# चुनाव चंदा और एफआईआर का फंदा



आपकी बात

संजीव वर्मा

देश में लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। सभी राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी म्यान से तलवार निकाल ली हैं। योद्धा आमने-सामने है। मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया के बीच होगा। घात प्रतिघात का दौर शुरू हो चुका है। विपक्ष जहां चुनावी बॉण्ड यानी चंदा को लेकर आक्रामक दिख रहा है। तो सत्तापक्ष मोदी की गारंटी का दम भर रहा है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर चुनावी बॉण्ड के खुलासा होने के बाद विपक्ष मान रहा है कि उसे एक बड़ा राजनीतिक हथियार मिल गया है। 2018 में चुनावी बॉण्ड योजना लागू होने के बाद से भाजपा को इसके माध्यम से सबसे अधिक 6986.5 करोड़ रूपये की धनराशि प्राप्त हुई है। इसके बाद पण्बंगाल की तृणमूल को 1397 और कांग्रेस को 1334 करोड़ रूपये मिले हैं। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक को चुनावी बॉण्ड से संबंधित सभी विवरण की जानकारी देने का फिर निर्देश दिया है। न्यायालय ने बैंक को 21 मार्च तक क्रेता और प्राप्तकर्ता राजनीतिक पार्टी के बीच के संपर्क को दर्शाने वाले यूनिक बॉण्ड नंबरों की भी जानकारी देने को कहा है। निश्चित रूप से इससे साफ हो जाएगा कौन कितना, किसको चंदा दिया है। विपक्ष इस पर लगातार सवाल उठाता रहा है। ऐसे में यह देखना होगा कि कौन कितने पानी में हैं। फिलहाल भाजपा को सबसे ज्यादा चंदा मिला है और विपक्ष इसी को लक्ष्य भी बना रहा है। भाजपा भले ही अपने बचाव में तर्क दे रही है कि बाकी दलों के चंदे को मिला दिया जाए, तो वह भाजपा से ज्यादा हो जाता है। यह अपनी जगह ठीक है, लेकिन विपक्ष में कई दल हैं, जबकि भाजपा अकेले। हालांकि, उसने अपने 303 सांसदों का हवाला भी दिया है। लेकिन यह किसी के गले नहीं उतर रही है। चंदे के बदले धंधे की भी गूंज हो रही है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि विपक्ष के वार पर भाजपा कैसे पलटवार करेगी। इधर, छत्तीसगढ़ में एक बार फिर महादेव सट्टा ऐप का जिन्न बोतल से बाहर निकल आया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर एफआईआर होने के बाद कांग्रेस आक्रामक हो गई है। महादेव सट्टा ऐप मामले में ईओडब्ल्यू ने भूपेश बघेल सहित 19 लोगों को नामजद और अन्य को अज्ञात आरोपी बनाया है। इन पर धोखाधड़ीए जालसाजी, आपराधिक साजिश रचने और भ्रष्टाचार अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। खास बात यह है कि यह एफआईआर ईडी के प्रतिवेदन पर रायपुर में 4 मार्च को दर्ज की गई थी। लेकिन, 17 मार्च को यह दिल्ली से प्रकाशित हुई। कांग्रेस इस मसले पर कई सवाल खड़े कर रही है। उसका कहना है कि एफआईआर दर्ज करने के बाद 13 दिन तक इंतजार क्यों इसके पीछे की मंशा ही साबित करती है कि यह भाजपा के लोकसभा चुनाव में हार का डर और बदनाम करने का षड़यंत्र है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जब एफआईआर दर्ज की गई। उस समय मीडिया में राजनांदगांव से प्रत्याशी बनाने के लिए मेरा नाम चल रहा था। जाहिर है कि भाजपा ने डर कर आनन-फानन में साजिश के तहत उनका नाम दर्ज करवाया है। उन्होंने कहा कि एफआईआर के साथ जो विवरण दिया गया। उसमें मेरा नाम का कहीं जिक्र नहीं है। विवरण में संरक्षण देने का भी कहीं उल्लेख नहीं है। उन्होंने कहा कि सिर्फ राजनीतिक कारणों से उनका नाम शामिल किया गया है। भाजपा मान रही है कि राजनांदगांव सीट से उनके मैदान में रहने से राज्य की बाकी सीटों के परिणामों पर भी असर पड़ेगा। इसलिए बदनाम करने का षड़यंत्र रचा गया। उन्होंने तल्ख लहजे में कहा कि भाजपा कोई भ्रम न पाले कि एफआईआर में नाम डालकर उन्हें डरा लेगी या उनकी राजनीति प्रभावित कर लेगी। पहले भी वो ऐसा करके देख चुकी है। यह सच भी है। भूपेश बघेल 2018 के विधानसभा चुनाव के पहले कथित सीडी कांड में जेल भी जा चुके हैं। उनकी छवि सीधे-सपाट बिना लाग-लपेट के बोलने वाले एक आक्रामक राजनेता की है। प्रदेश में वे कांग्रेस के सबसे कद्दावर नेता हैं। ऐसे में उन पर एफआईआर कर भाजपा क्या वास्तव में राजनीतिक लाभ लेना चाहती है या मामला कुछ और है। हालांकि यह सब जांच का विषय है। बहरहाल, एफआईआर के बहाने ही सही कांग्रेस में एकता दिखाई देने लगी है। सभी बड़े नेता एकजुट दिख रहे हैं। इन सबके बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि प्रदेश की जनता इसे किस रूप में लेगी खासकर राजनांदगांव पर सबकी नजरें लगी होगी।

# अंग्रेजो से लोहा लेने वाली वीरांगना अवंतीबाई लोधी का व्यक्तित्व प्रेरणा दाई-वित्त मंत्री ओपी चौधरी

## अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति बताकर वित मंत्री ओपी ने बलिदान दिवस पर अर्पित की श्रद्धांजलि

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देश के स्वाभिमान हेतु अंतिम सांस तक संघर्ष करने वाली अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी जी के बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वित्त मंत्री एवम रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने रानी अवंतिबाई लोधी के नारी शक्ति की मिसाल बताते हुए उनके व्यक्तित्व को पीढ़ियों तक प्रेरित करने वाला बताया। अंतिम सांसों तक अंग्रेजो से लोहा लेने वाली वीरांगना अवंतीबाई लोधी आज भी लोक.काव्यों की नायिका के रूप में हमें राष्ट्र के निर्माण, शौर्य, बलिदान व देशभक्ति की प्रेरणा दे रही हैं।




अंग्रेजी शासन के विरुद्ध अवंती बाई लोधी के संघर्ष की वजह से अंग्रेज सरकार के घुटने टेकने की शुरुवात हुई। बचपन से ही तलवारबाजी और घुड़सवारी में दक्ष वीरांगना अवंतीबाई ने अंग्रेजो के खिलाफ क्रांति का संदेश देने के लिए आसपास के सभी राजाओं और प्रमुख जमींदारों को चिट्ठी के साथ कांच की चूड़ियां भिजवा कर यह संदेश दिया कि देश की रक्षा करने के लिए या तो कमर कसो या चूड़ी पहनकर घर में बैठो। देशभक्त राजाओं और जमींदारों ने रानी के साहस और शौर्य की बड़ी सराहना की और उनकी योजनानुसार अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का झंडा खड़ा कर दिया। जगह-जगह गुप्त सभाएं कर देश में सर्वत्र क्रांति की ज्वाला फैला दी। अंग्रेजो के खिलाफ अंतिम सांसों तक संघर्ष करते हुए आत्मसमर्पण की बजाय वीरांगना अवंतीबाई लोधी ने अपने अंगरक्षक से तलवार छीनकर अपना जीवन समाप्त करते हुए देश के लिए जीवन बलिदान कर दिया। भारत के इतिहास में वीरांगना अवंतीबाई का नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज है।

# सामूहिक नकल करवाने वाले 9 शिक्षक हुए निलंबित

जोहार छत्तीसगढ़-बरमकेला।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरमकेला में ओपन स्कूल के हिन्दी विषय की परीक्षा में सामूहिक नकल के मामले में 9 शिक्षकों को निलंबित किया गया हैं। एसडीएम के जांच प्रतिवेदन के आधार पर डीपीआई द्वारा की गई कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। परीक्षा केन्द्र में ओपन स्कूल कक्षा 12 वीं हिन्दी विषय के परीक्षा के दौरान निरीक्षण में पाया कि सभी कमरों में सामूहिक नकल चल रही थी और विद्यार्थियों के पास नकल सामग्री मौजूद थी। जिसके बाद सामूहिक नकल मामले में बड़ी कार्रवाई की गई और लोक शिक्षण संचालनालय ने 9 शिक्षकों को सस्पेंड कर दिया है। शासकीय कन्या उच्च विद्यालय बरमकेला में 18 मार्च को सामूहिक नकल की शिकायत मिली थी जिसकी जांच एसडीएम ने 19 मार्च को की जांच में पता चला कि 12वीं हिंदी परीक्षा में कुल 246 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 5 अनुपस्थित थे,5 कक्षाओं में परीक्षा का आयोजन हो रहा था सभी कक्ष में नकल कराया जा रहा था। जांच के दौरान केंद्राध्यक्षों समेत 8 प्रर्यवेक्षक नकल मामले में शामिल पाये गए। केंद्र अध्यक्षक समेत 9 शिक्षकों को सस्पेंड कर दिया गया। शिक्षकों के निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। निलंबित कर्मचारियों का मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ नियत किया गया है। 9 शिक्षक निलंबित,हेमंत पटेल, शिक्षक, पूर्व माध्यमिक शाला बरमकेला, दिलीप सिदार, सहायक शिक्षक एलबी प्रा.शा. हास्टलपारा बरमकेला, श्यामा सिदार, प्रधान पाठक प्रा.शा. पुरैना,गिरधारी पटेल, सहायक शिक्षक विज्ञान, शा.क.उ्मावि,बरमकेला चन्द्रशेखर वैष्णव व्याख्याता शा.क उ मा वि. बरमकेला, दयासागर प्रधान, व्याख्याता, शा.उ.मा.वि. सांकरा

अंजली सिदार, सहायक शिक्षक एलबी, प्रा.शा.कनकीडीपा,लोकनाथ साहू सहायक शिक्षक,एलबी प्रा.शा.भंवरपुर,युवधेश पटेल, सहायक शिक्षक एलबी, प्रा.शा बुन्देली।



लोक शिक्षण संचालनालय
छत्तीसगढ़
इन्द्रावती भवन, खण्ड-3, प्रथम तल, अटल नगर, रायपुर
फोन नम्बर-0771 2331385,Email Id - cg.dpi.dir@gmail.com

कमांक/सतर्कता/ए/सा.बि./60/2024/253 — नया रायपुर, दिनांक 19.03.2024

//आदेश//

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सारंगढ बिलाईगढ के पत्र कमांक 1130/कले./2024, दिनांक 19.03.2024 तथा कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं दण्डाधिकारी सारंगढ बिलाईगढ के पत्र कमांक/481/अ.वि.अ./वाचक-4/2024, दिनांक 18.03.2024 के द्वारा परीक्षा केन्द्र शास. कन्या उ.मा.वि., बरमकेला का निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार परीक्षा केन्द्र में छ.ग. राज्य ओपन स्कूल परीक्षा कक्षा 12वी, विषय हिन्दी (कोड-301) समय दोपहर 02.00 बजे से 05.00 बजे तक आयोजित था। उक्त परीक्षा 05 कक्षों में संचालित हो रही थी। परीक्षा में कुल 246 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 05 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। सभी परीक्षा कक्षों में सामूहिक नकल चल रही थी एवं विद्यार्थियों के पास नकल सामग्री मौजूद थी।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं दण्डाधिकारी सारंगढ बिलाईगढ के निरीक्षण प्रतिवेदन के अनुसार केन्द्राध्यक्ष एवं 08 पर्यवेक्षक सामूहिक नकल में संलिप्त पाये गये हैं। परीक्षा केन्द्र शास. कन्या उ.मा.वि., बरमकेला के केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों का यह कृत्य प्रथम दृष्टया छ.ग.सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत है।

अतः छत्तीसगढ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (1) के तहत निम्नलिखित को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाता है:-

1. श्री दयासागर प्रधान, व्याख्याता, शा.उ.मा.वि. सांकरा
2. श्रीमती अंजली सिदार, सहायक शिक्षक, (एल.बी.) प्रा.शा.कनकीडीपा
3. श्री लोकनाथ साहू, सहायक शिक्षक, (एल.बी.) प्रा.शा.भंवरपुर
4. श्री युधेश पटेल, सहायक शिक्षक, (एल.बी.) प्रा.शा. बुन्देली
5. श्री हेमंत पटेल, शिक्षक, पूर्व माध्यमिक शाला, बरमकेला
6. श्री दिलीप सिदार, सहायक शिक्षक, (एल.बी.) प्रा.शा. हास्टलपारा बरमकेला
7. सुश्री श्यामा सिदार, प्रधान पाठक प्रा.शा.पुरैना
8. श्री गिरधारी पटेल, सहायक शिक्षक विज्ञान, शा.क.उ.मा.वि. बरमकेला
9. श्री चन्द्रशेखर वैष्णव, व्याख्याता, शा.क.उ.मा.वि. बरमकेला

निलंबन अवधि मे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी तथा निलंबित कर्मचारियों का मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ नियत किया जाता है।

(दिव्या उमेश मिश्रा)
संचालक
लोक शिक्षण छत्तीसगढ

पृष्ठां. क./सतर्कता/ए/सा.बि./60/2024/254 — नया रायपुर, दिनांक 19.03.2024
प्रतिलिपिः-
1/ सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर।
2/ सचिव, छ.ग. राज्य ओपन स्कूल, पेंशन बाड़ा रायपुर।
3/ कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सारंगढ बिलाईगढ।
4/ संभागीय संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग, बिलासपुर।

# फॉर्मेसी के छात्रों ने बनाया हर्बल गुलाल

## पलाश-चुकंदर और पालक के रसों से बने गुलाल से नहीं होगा साइड इफेक्ट

जोहार छत्तीसगढ़ रायपुर।



राजधानी रायपुर में रंगो के त्योहार होली आने में कुछ दिन शेष बचे हैं,इस बार रंगों का त्योहार होली को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा जा सकता है,इस होली पर सबसे खास बात है कि रायपुर स्थित आर आई टी कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी में तृतीय वर्ष के विद्यार्थियो द्वारा पलाशङ्कचुकंदर और अरारोट से हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है,इस रंग से होली खेलने पर किसी प्रकार से शरीर को साइड इफेक्ट नहीं हो सकता है,छात्रों ने ऐसा ऑर्गेनिक गुलाल तैयार किया है जो अच्छा भी है और सस्ता भी,लोगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए ऐसा गुलाल तैयार किया गया है इसमें कोई भी सिंथेटिक या आर्टिफिशियल प्रोडक्ट का इस्तेमाल नहीं किया गया है,हर्बल गुलाल हाथो से बनाया गया शुद्ध गुलाल है,अगर हम इस गुलाल का उपयोग करते है तो कई प्रकार के जो एलर्जी होते है गुलाल से उससे बचा जा सकता हैं,फॉर्मेसी विद्यार्थियो ने कहा कि हमारा प्रयास है कि लोगों को हर्बल गुलाल के फायदे को समझाएं ताकि लोग इन्हें अपनाएं,वैसे भी यह उत्पाद बाहर देश आदि से आने वाले गुलाल से सस्ते हैं । इसमें मुख्य रूप से संस्था के फॉर्मेसी प्राचार्य सत्यव्रता भांजा एवं प्राध्यापक चन्द्रशेखर साहू व समस्त शिक्षको का प्रमुख योगदान रहा और इसमें विद्यार्थी लिलेश कुमार,इंद्रजीत,धर्मेश,वेदांत,राधे,मनीष,शुभम,योगेश,योगराज मुख्यरूप से इस टीम ने इस विषय पर रिसर्च कर इस पर कार्य करके फॉर्मेसी छात्रों ने हर्बल गुलाल बनाया है।

# तेंदूपत्ता शाखकर्तन पर मौसम की मार

## 1.31 लाख मानक बोरा संग्रहण में जुटेंगे 78 वन समिति

**कोरबा** । प्रदेश सरकार ने तेंदू पत्ता की खरीदी कीमत 4,000 से बढ़ाकर 5,500 रूपये कर प्रति मानक बोरा कर दिया गया है। प्रति मानक बोरा 1,500 रूपये खरीद कीमत में वृद्धि की गई है लेकिन कटघोरा व कोरबा दोनों वन मंडलों मे संग्रहण लक्ष्य 1.31 लाख मानक को यथावत रखा गया है। कीमत बढ़ने के साथ ही संग्राहकों की संख्या भी बढ़ने लगी है। तेंदूपत्ता तोड़ने वाले परिवारों को आस थी कि पत्ते की कीमत के साथ लक्ष्य में भी बढ़त की जाएगी पर ऐसा नहीं हुआ। साख कर्तन में मौसमी मार व लक्ष्य में वृद्धि नहीं किए जाने से संग्राहको में बढ़ी कीमत के बाद निराशा देखी जा रही है। तेंदू पत्ता संग्रहण के लिए साख कर्तन काम 15 मार्च से शुरू होने के बाद अंतिम चरण की ओर है। संग्राहकों में तेंदू पत्ता के एवज में मिलने वाली राशि को लेकर उत्साह थी वह सीमित लक्ष्य के चलते निराशा में परिवर्तित हो गई है। उपर से मौसमी परिवर्तन के साथ ओला वृष्टि ने नए पत्तों के तैयार होने में बाधा उत्पन्न् कर दी है। वन परिक्षेत्र में तेंदू रोपणी में लगातार आ रही कमी की वजह से अब संग्रहण पर इसका असर होने लगा है। भले शासन की ओर से तेंदूपत्ता संग्रहण की दर में लगातार बढ़ोतरी की जा रही किंतु तेंदू के सिमटते वन परिक्षेत्र के संरक्षण में ध्यान नहीं दिया जा रहा। जंगल में इन दिनों महुआ संग्रहण के लिए पेड़ के नीचे आग भी लगा दी जा रही।

# राज्यपाल हरिचंदन ने शुक्ल एवं चन्द्रवंशी को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलाई



जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने यहां राजभवन के दरबार हाल में आयोजित समारोह में नवनियुक्त राज्य सूचना आयुक्त नरेंद्र कुमार शुक्ल एवं आलोक चन्द्रवंशी को राज्य सूचना आयुक्त पद की शपथ दिलाई। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने शपथ प्रक्रिया पूर्ण कराई। शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डीडी सिंह, पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त एमके,राउत, सरजियस मिंज, पूर्व राज्य सूचना आयुक्त एसके तिवारी, एके अग्रवाल,मोहन पवार,मनोज त्रिवेदी,धनवेंद्र जायसवाल, राज्य सूचना आयोग के सचिव गोपाल वर्मा सहित आईपी मिश्रा, राकेश चतुर्वेदी, डॉ.सुरे की मौजूदगी रही।

# जिन क्षेत्रों में जिनको चुनावी जिम्मेदारी दी गई वहा अपना 100 प्रतिशत समय दे-अध्यक्ष गोकुल यादव

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

लोकसभा चुनाव में अब कुछ ही दिन बचे हैं जिसको लेकर सभी पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली है। सभी अपने अपने स्तर पर भरपूर प्रयास कर रहें की उन्हें इसका परिणाम अच्छा मिले जिसके लिए अभी से सब कार्यकर्ता जी जान लगा दिए हैं। सभी पार्टियों को अपने पर पूरा भरोषा है कि जीत उन्हीं की होंगी पर इसका पता तो चुनाव परिणाम वाले दिन ही चलेगा।



रायगढ़ लोकसभा सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को घोषित कर दिया गया है। जिन्हें जिताने के लिए कार्यकर्त्ता दिन रात मेहनत कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओ की आय दिन बैठक हो रही है जिसमें सभी मुद्दों पर चर्चा की जा रही हैं। कार्यकर्ताओं की दृष्टि से कई गांव ऐसे हैं जहां अधिक काम करने की आवश्यकता है जिसे देखते हुए आज धरमजयगढ़ मंडल अध्यक्ष गोकुल यादव द्वारा बैठक आहूत की गई। जिसमें सर्वसम्मति से मंडल के कमजोर ग्राम पंचायत को चुनावी दृष्टिकोण से मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक मतदान भाजपा के पक्ष में हो इस नाते कार्य विभाजन किया गया है। जिसके लिए लोकसभा चुनाव में नेताओं और कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी दी गई हैं जिसमें पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी का गृह मंडल में निर्वहन करेंगे। इसमें नागदरहा नित्यानंद यादव, सिवार में भोगेश्वर बेहरा, आमपाली में अनिल पांडे, सिथरा में किशोर राठिया, नवागांव में मोतीलाल बेहरा, बरतापाली में रामनाथ बैगा, समरसिंघा में महेश चैनानी, पुरूंगा में भरत साहू, तेंदुमूडी में रामनाथ बैगा, खडगांव में शिशुपाल गुप्ता, कोयलार में सुभाष मंडल, नरकालो में शशि पटेल, बलपेदा में नरेश राठिया, रामपुर में शिवहरि सारथी, मिरीगुड़ा में टीकाराम पटेल, नकना में गोकुल नारायण यादव, खम्हार में मोहपाल राठिया, पुटुकछार में संजय विश्वकर्मा, क्रोंधा में नवीन शर्मा, वार्ड 8 में जयहरी सारथी, लक्ष्मीपुर में विजय अग्रवाल, लक्ष्मीनगर में हरिचरण अग्रवाल, गवर घुटरी में जगन्नाथ यादव, रांजपारा में इंदु जेठवानी, बंग समाज में सुशांत तहसीलदार, सजन भौमिक, बीजा भवना, कुधरी डांड, धनपुरी में धनेश्वर भट्ट, वार्ड नं. 8 में धीरेंद्र सिंह मालिया, आमगांव में किशोर बेहरा, वार्ड 6-10 में अनिल पांडे व श्याम साहू को प्रभार दिया गया हैं और कहा गया है कि आज से ही सभी उक्त स्थान की संपूर्ण जिम्मेदारी का वहन करेंगे और पार्टी के लिए जी जान लगा कर काम करेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in